(ग) उपरोक्त भाग (क) में उल्लिखित शिकायतों के बारे में सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है तथा कब और कैसे ; और

(घ) पोरबंदर शहर के लोगों को समुचित डाक सुविधाएं देने के लिए सरकार का अब तक क्या कार्यवारी करने का विचार है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) जी हां।

(ख) (i) ता० 22-6-78 के "फुलछाब" और 24-6-78 के नूतन सौराष्ट्र समाचार पत्रों में शिकायतें छपी थीं। शिकायतकर्ताओं के नामों की जानकारी संबंधित प्रेस संवाददाता से प्राप्त नहीं की जा सकी।

(ii) चेम्बर आफ कामर्स, पोरबन्दर से भी एक शिकायत प्रवर अधीक्षक डाकघर, जूनागढ को 20-7-78 को मिली थी ।

(ग) इस संबंध मे जो कार्यवाई की गई थी, उसका उल्लेख नीचे किया जा रहा है ।

(i) पूछताछ काउंटर—पोरबन्दर मुख्य डाकघर में पूछताछ से संबंधित कार्यभार कम है । इसलिए उसके साथ बी० आर० एल० काउंटर जोड़ दिया गया । जहां रेडियो लाइसेंस जारी करने का काम किया जाता है । संबंधित सहायक पोस्टमास्टर और बी० आर० एल० पूछताछ क्लर्क को हिदायत दी गई हैं कि वे जनता को पूछ ताछ संबंधी जानकारी देने में सतर्कता से काम लें ।

(ii) पत्र-पेटियों की निकासी—इस समय पोरबन्दर मुख्य डाकघर में पत्र-पेटियों की निकासी 0840, 1110 और 1540 बजे की जाती है । बंबई के लिए हवाई डाक के प्रेषण के निमित्त 0715 बजे की एक अतिरिक्त निकासी के आदेश दे दिये गये है ।

(iii) फ्रैंकिंग मशीन—

पोरबन्दर मुख्य डाकघर को सप्लाई की गई रांजस्ट्री डाकवस्तुओं को बुक करने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली फैंकिग मशीन में कभी कभी मरम्मत की आवश्यकता पड़ जाती हैं । इसकी पहले ही मरम्मत कर दी गई है और उससे पुनः काम लिया जा रहा है ।

(iv) डाक भार की दरें—अन्तर्देशीय डाक भार दरों की नई अनुसूची सार्वजनिक हाल में लगा दी गयी पूछ ताछ वाले काउंटर क्लर्क को नवीनतम दरों अनुसूची सप्लाई कर दी गई है ।

(v) रिकार्डेड डिलीवरी सेवा की गुम डाक वस्तुएं—इस संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं । की और समुचित रूप से ध्यान दिया गया है ।

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवाएं अधिकतम कार्यकुशलता के साथ दी जाती हैं, पोस्टमास्टर जनरल पोरबन्दर मुख्य डाकघर के काम की कड़ी निगरानी रख रहे हैं ।

भेंसाण टेलीफोन एक्सचेंज में परब-बावड़ी, खंभालिया, राणपुर-चणाका के निवासियों को टेलीफोन कनेक्शन देना

4437. **श्री धर्म सिंह भाई पटेल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के जूनागढ़ जिले के भेंसाण-सोरट के श्री व्यापारी एसोसिएशन ने भेंसाण टेलीफोन एक्सचेंज से परब-बावडी, खंभालिया, राणपुर, चणाका, आदि गांव के निवासियों को टेलीफोन कनेक्शन देने के लिए 18-6-78 और 5-5-78 को अहमदाबाद और जूनागढ़ के टेलीफोन विभाग को अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन व्यक्तियों के गांव-वार नाम क्या हैं जिनके आवेदन पत्र भेंसाण टेलीफोन एक्सचेंज से टेलीफोन कनेक्शन के लिए लम्बित हैं और ये कब से लम्बित हैं ;

(ग) उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं जिन्होंने राशि जमा करा दी है तथा किस तारीख को तथा किस-किस स्थान पर जमा कराई और प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कितनी राशि जमा कराई गई है और उनको टेलीफोन कनेक्शन कब तक मिल जाएगा ; और

(घ) भेंसाण टेलीफोन एक्सचेंज में वर्तमान टेलीफोन बोर्ड की क्षमता कितनी है और उक्त टेलीफोन एक्सचेंज से गांव वार कितने टेलीफोन कनेक्शन दिए गए हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साव) :
(क) जी हां ।

(ख) और (ग). निम्नलिखित व्यक्तियों के टेलीफोन कनेक्शनों के अभ्यावेदन अनिर्णीत पड़े हैं जिन्होंने हर एक कनेक्शन के लिए भेंसाण में 1000 रुपए जमा कराए हैं ;

क्र०सं०	व्यक्ति का नाम	ग्राम	भेंसाण में 1000 रु० जमा कराने की तारीख
(1)	रमणी मोहनभाई अर्जनभाई	चणाका	3/6/77
(2)	धीरालाल शंभुभाई भुवा	परब	7/6/77
(3)	खंभालिया सेवा सहकारी मंडली	खंभालिया	17/6/77
(4)	भगनलाल केशवलाल चोवटिया	राणपुर	17/9/77
(5)	उपेन्द्रकुमार छबलाल ढाकाण	राणपुर	19/9/77
(6)	राम आइल इंडस्टीज	राणपुर	30/9/77
(7)	पटेल नानजी भाई मोहनभाई	बावडी	29/11/77

ये लम्बी दूरी वाले कनेक्शन हैं जहां कभी मात्रा में सामान की आवश्यकता है। इनकी व्यवस्था की जा रही है। सामान प्राप्त होने पर कनेक्शन दे दिए जायेंगे।

(घ) भेसाण टेलीफोन एक्सचेंज की क्षमता 50 लाइनों की है। परब ग्राम से 1 टेलीफोन कनेक्शन भेसाण एक्सचेंज से 20 कनेक्शन काम करते हैं।

Telephone Exchanges in Andaman and Nicobar

4438. SHRI MANORANJAN BHAKTA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have any plan to improve the Telephone Service in the Union Territory of Andaman and Nicobar Islands and to install new telephone exchanges and if so, the facts thereof;

(b) whether Government have taken any steps for STD Service in the Port Blair and Delhi; and

(c) how many Branch Post Offices will be up graded to sub-post office this year in the Union Territory of Andaman and Nicobar Islands?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) Yes, Sir. Two new telephone exchanges at Cambell-Bay and Diglipur are planned to be commissioned in 1978-79. Exchange at Port Blair to be expanded from 600 to 700 lines.

(b) Yes, Sir. STD has been planned between Port Blair and Delhi on the commissioning of Indian Satellite System.

(c) 3.

Short Supply of Medicines in Andaman and Nicobar

4439. SHRI MANORANJAN BHAKTA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the circumstance that led the Director of Medical and Health Services, Andaman and Nicobar Islands to send out two circular directives to the Doctors and Compounders, the one listing out nearly 100 items of medicines as either. Not Available or are in Short Supply and the other instruting item not to prescribe any of those items while treating patients and also directing them to use substitutes for such items; and

(b) if these items are really not in stock, how they are being made available to higher ups in the Administration and others wielding influence, direct from the Medical Store on special slips signed by the Doctor in charge of medicines and dispensing staff?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV): (a) The Director of Health Services, Andaman and Nicobar Islands issued instructions advising the medical officers to prescribe suitable substitutes in place of the medicines which were out of stock. A list of the medicines which were out of stock or were in short supply was also circulated for the information of the medical officers.

(b) The use of medicines, which were in short supply was regulated insuch a manner as to ensure that the same were available to meet the needs of serious cases. These were used according to the seriousness of the condition of the patient irrespective of his status.

Casual Workers in coal Mines Welfare organisation, Dhanbad

4440. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) what is the number of workmen kept casual or temporary in the Coal Mines Welfare Organisation in Dhanbad in its different departments, facts in details;

(b) what are their length of service and which of the accepted pay scales

of Government have been given to them; and

(c) whether rural labour practices both with regard to condition of service and scale of pay are being followed with them with no parallel in any other organisation and if so, reason therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI LARANG SAI): (a) to (c). The information is being collected and will be placed on the Table of the Sabha.

Unemployed women and SC and ST

4441. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state the number of women and S.C. and S.T. in the number of the unemployed registered in Employment Exchanges in the country?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): The number of women, Scheduled Caste and Scheduled Tribe job-seekers (all of whom are not necessarily unemployed) on the Live Register of Employment Exchanges, at the end of December, 1977 were 1410 thousand, 1282 thousand and 288 thousand respectively.

Cases filed against B.C.C.L. for mining violations.

4442. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) the number, nature and dates of prosecution cases filed against the officers of the BCCL for mining violation since its formation and the names of the courts where these cases are pending, facts in details;

(b) whether the office of the DGMS has been made ineffective by the interference of the Governmnt against prosecuting public sector officials resulting in the increase in the accidents; and

(c) whether Government propose to make a thorough probe by some high level Committee into the alleged wide spread slaughter mining in the BCCL?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): (a) The information is being collected and, on receipt, will be placed on the Table of the House.

(b) No, Sir.

(c) At the instance of the Department of Coal a Committee has been set up (in June 1978) by the Coal India Limited under the Chairmanship of the Chairman, Central Mine Planning and Design Institute for recommending all necessary steps to ensure that mining is done scientifically with due regard to safety and conservation.

Upgradation of Post Offices

4443. SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government propose to upgrade Branch Post Offices to Extra Departmental Sub-Post Offices where upgradation of the same to sub Post Offices is not possible;

(b) what are the criteria laid down for the same; and

(c) whether any proposals of this type from Ratnagiri district in Maharashtra are pending with Government and if so, the names of such villages?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) and (b). Yes, Sir. It has been decided that the Extra Departmental Branch Offices having existing workload of 4 hours or more but less than 5 hours may be

ungraded into Extra Departmental Sub Offices. Also, all Extra Departmental Branch Offices having P. C. Os. are to be upgraded into E.D. Sub-Offices.

(c) Yes, Sir. Proposals for upgradation of E. D. B. Os. at the following 4 places are pending with the Government:

1. Nandgaon.
2. Sukalwadi.
3. Talavde.
4. Murud.

Alumina Plants in Kutch (Gujarat)

4444. SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that three new alumina or aluminium plants are constructed or being constructed at Kutch in Gujarat, Orissa and Andhra Pradesh recently;

(b) if these three plants could be started why work of Ratnagiri aluminium project is not started; and

(c) whether financial constraints are only for Ratnagiri aluminium plant and not for others which are sanctioned years after Ratnagiri plant was sanctioned?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) No, Sir. Only Feasibility Studies have been commissioned.

(b) Does not arise.

(c) The other projects have not been sanctioned.

Ratnagari Aluminium project

4445. SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 7539 on the 20th April, 1978 and state:

(a) whether any persons from Private sector have approached Government in connection with Ratnagiri Aluminium Project;

(b) the names of the parties; and

(c) Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

Scarcity of Steel Items

4446. SHRI S. R. DAMANI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) the reasons for the present scarcity of many vital steel items like structurals, plates and GC sheets;

(b) whether it has come to the notice of his Ministry that people who obtained supplies as actual users are diverting such items at a high premium; and

(c) if so, what steps are taken to stop this malpractice and to make available the items to geniune users at stipulated prices?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a). There has been temporary shortage in respect of structurals, plates and GC sheets on account of increase in domestic demand and slightly lower production.

(b) and (c). Some complaints of a general nature have been received in this regard. To prevent misuse, clause 7 of the Iron and Steel (Control) Order 1956 has been revived in respect of certain scarce categories of steel. Apart from taking action on their own, the SSI Corporations have been asked to report cases of misutilisation to the Regional Iron and Steel Controllers for appropriate action.

Routing of steel supplies to small scale units through the SSI corporations is itself a step to prevent misuse of steel.

To meet the requirements of the industry and to build a buffer stock, SAIL is also importing those categories which are in short supply.

Shortage of Equipment in A.I.I.M.S.

4447. SHRI S. R DAMANI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the AIIMS is working with shortage of equipment and syrings and, if so, what are the full facts;

(b) to what extent this lack of facilities has contributed to the reported increasing incidence of serum hepatitis and typhoid; and

(c) the details of steps taken to remove the shortcomings in this prestigeous Institution?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV): (a) to (c). The required information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha as soon as possible.

P & T buildings in district Thana (Maharashtra)

4448. SHRI R. K. MHALGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the total number of buildings of Post & Telegraph Offices (whether on rental basis or otherwise) in the District of Thana (Maharashtra);

(b) how much annual rent Government have to pay for the same;

(c) how many buildings of the said offices are in a dilapidated condition and require major repairs and the buildings require minor repairs and buildings require essential amenities like W.Cs.; and

(d) whether Government have undertaken any programme to carry out the said repairs and provide necessary amenities like W.Cs. to employees, if not, when Government propose to do it?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) to (d). Information is being collected and will be placed on the table of the House.

Applications for Telephone connections pending in Thana District

4449. SHRI R. K. MHALGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the total number of applications for telephone connections from Thana District (Maharashtra) exchange-wise, pending as on 31st July, 1978;

(b) how many applicants have been given priority during a period of last one year, exchange-wise and the reasons therefor; and

(c) how much time authorities will require to meet the demand for above number of telephones?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) to (c). Information is being collected and will be placed on the table of Lok Sabha in due course.

Refund of deposits on withdrawal of temporary connections

4450. SHRI R. K. MHALGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether deposits are called for giving temporary telephone connections;

(b) what is the total amount of deposits not refunded as on 31st July, 1978 in the area of Bombay Telephones even though the temporary connections are withdrawn;

(c) what is the total number of cases pending with Bombay Telephones as on 31st July, 1978; and

(d) what are the special efforts made during last three months to clear off the deposits and with what results?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) to (d). The information being collected and would be placed on the Table of the House when it is available.

Trunk calls between Sangli and Jath

4451. SHRI ANNASAHEB GOTKHINDE: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that inordinate time is required for materialising trunk calls booked between Sangli and Jath and vice versa, in Maharashtra because of lack of proper co-operation from the telephone authorities at Bijapur in Karnataka through which exchange the said trunk calls are routed;

(b) whether there is a growing feeling among the concerned subscribers that their grievances in this respect are not being properly attended to; and

(c) if so, what immediate remedial measures are being taken to rectify the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) to (c). No Sir. The average delay is only 15 minutes for urgent and 45 minutes for ordinary. Sangli traffic to Jath is routed via Bijapur. The existing circuit between Bijapur and Jath is sufficient to carry the traffic. Additional circuits have been planned for further growth of traffic.

अवन्तिका और मेहता प्रिंटिंग प्रेस, उज्जैन के विरुद्ध भविष्य निधि की बकाया राशि

4452. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री अवन्तिका और मेहता प्रिंटिंग प्रेस, उज्जैन के विरुद्ध भविष्य निधि की बकाया राशि के बारे में 6 अप्रैल, 1978 के अतारांकित प्रश्न सं० 5930 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दैनिक "अवन्तिका" और मेहता प्रिंटिंग प्रेस के मालिक एक ही हिन्दू अविभक्त परिवार के सदस्य हैं और पिता तथा पुत्र ने स्वयं को अलग-अलग प्रतिष्ठानों का मालिक दिखा रखा है, जिससे भविष्य निधि के भुगतान से बचा जा सके और यदि हां, तो दैनिक "अवन्तिका" और मेहता प्रिंटिंग प्रेस में इस समय कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं और दैनिक मजदूरी तथा ठेका आधार पर काम कर रहे व्यक्तियों की संख्या का प्रत्येक मामले में पृथक पृथक ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या ये प्रतिष्ठान भविष्य निधि एवं विविध उपबन्ध अधिनियम, 1952 की परिधि में नहीं आते हैं, परन्तु उन्होंने जानबूझ कर अलग खाते खोले हुए हैं हालांकि ये प्रतिष्ठान एक ही भवन और एक ही हाल में तथा एक ही प्रकार के काम में लगे हुए हैं ; और

(ग) दैनिक "अवन्तिका" और मेहता प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों और भागीदारों के नाम क्या हैं और उनमें से प्रत्येक ने समबद्ध प्रतिष्ठानों में कितनी-कितनी पूंजी लगाई है और उनके पूंजी-निवेश के स्त्रोत क्या है ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम दुलाल सिंह) : कर्मचारी भविष्य निधि प्राधिकारियों ने इस प्रकार सूचित किया है:—

(क) से (ग). दैनिक अवन्तिका, उज्जैन एक भागीदारी प्रतिष्ठान है, जिसमे निम्नलिखित तीन भागीदार शामिल हैं :—

(1) श्री गोवर्धन लाल, पुत्र श्री गेंदा मल मेहता।

(2) श्री सुरेन्द्र कुमार, पुत्र श्री गोवर्धन लाल मेहता और

(3) श्री अनिल कुमार, पुत्र श्री गोपाल मेहता।

सूचित किया गया है कि मेहता प्रिंटिंग प्रेस, उज्जैन भी एक भागीदारी फर्म है, जिसके निम्नलिखित दो भागीदार हैं ;

(1) श्री गोवर्धन लाल, पुत्र श्री गेंदा मल मेहता और

(2) श्री सुरेन्द्र कुमार, पुत्र श्री गोवर्धन लाल मेहता।

दैनिक अवन्तिका, उज्जैन में दस कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, और उनमें से कोई भी कर्मचारी ठेकेदार का कर्मचारी या दिहाड़ी पर कार्य करने वाला कर्मचारी नहीं है। और आगे जांच पड़ताल करने पर यह पाया गया है कि मेहता प्रिंटिंग प्रेस में 20 कर्मचारी नियोजित हैं जिनमें ठेकेदार के दिहाड़ी पर कार्य करने वाले 12 कर्मचारी हैं और शेष मासिक वेतन पाने वाले नियमित कर्मचारी हैं। तदनुसार, प्रतिष्ठान को कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 की परिधि में लाया गया है और योजना के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के लिए कार्रवाई की गई है। दोनों प्रतिष्ठान एक ही भवन के भू-खण्ड में स्थित हैं परन्तु वे अलग-अलग और स्वतन्त्र हैं। अन्य ब्यौरा उपलब्ध नहीं है क्योंकि कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के अन्तर्गत नियोजकों द्वारा इस प्रकार का ब्यौरा प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं है।

Satellite-Linked Earth Stations

4453. SHRI K. MALLANNA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether his Ministry had plans to expand the net work so that there should be more and more satellite-linked earth stations which could be transported by land or air to any place in case of an emergency like floods; and

(b) whether there is any plan regarding remote places of the country to be linked to the national telecommunications?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) Indian National Domestic Satellite Scheme (INSAT) provides for 4 road transportable and 2 air/road transportable earth stations which could be used for establishing communication in an emergency.

(b) Yes

टेलीफोन बिलों की अधिक वसूल की गई राशि का वापस किया जाना

4454. श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीफोन प्रयोक्ताओं से अधिक वसूल की गई 25 लाख रुपए की राशि इसका पता लगाने के बाद उन्हें वापस की जाएगी ;

(ख) क्या ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ जिन्होंने गलत राशि के टेलीफोन बिल बनाकर 25 लाख रुपए की यह खुली लूट की थी कार्यवाही की जाएगी ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साव) (क) टेलीफोन प्रयोक्ताओं से 25 लाख रुपए की अधिक राशि की वसूली नहीं की गई है। यह उन बिलों की रकम का अनुमान है, जो कि मीटर में तथाकथित अधिक रीडिंग आने के कारण प्रयोक्ताओं द्वारा विवादग्रस्त हो गए हैं। इस प्रकार की शिकायतों सम्बन्धी मामलों में पूरी पूरी जांच की जाती है और जहां भी उसका औचित्य पाया जाता है, स्थानीय कालों की संख्या में प्रयोक्ताओं को छूट दे दी जाती है और यदि बिलों की अदायगी कर दी गई हो, तो रकम वापस भी कर दी जाती है।

(ख) उपर्युक्त (क) को मद्देनजर रखते हुए कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का प्रश्न नहीं उठता।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Loss due to cancellation of Trunk Calls

4455. SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government suffer huge loss in revenue as a result of cancelling by the subscribers a good number of telephone trunk calls or these getting cancelled automatically at mid-night due to delay in getting the connections on account of faulty lines;

(b) whether Government have investigated the causes of the faulty lines occurring very frequently;

(c) the number of such calls cancelled during the months of April, May and June, 1978 and the consequential loss of revenue suffered by Government; and

(d) what action has been taken by Government to improve telephone

system to avoid such inconvenience to the subscribers and loss of revenue to Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) No definite loss can be established as the calls are re-booked and put through, or the subscriber himself tries and gets the call on STD or demand service.

(b) Yes, Sir.

(c) The total calls booked and ineffective (in thousands) and ineffective percentage in the country are as follows:—

	April, 78	May, 78	June, 78
Booked	16333	17142	15551
Ineffective	3663	4326	3075
Ineffective percentage	23%	25%	20%

No further sub classification is made and it is not possible to calculate any loss of revenue.

(d) Following action on a continuing basis is taken to improve the performance of the telephone system:

(i) Addition of trunk circuits and boards as warranted by the traffic.

(ii) Provision of direct circuits wherever justified by traffic.

(iii) Recruitment of additional operators.

(iv) Provision of reliable system like coaxial and microwave in replacement of the open wire system.

भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक औद्योगिक एकक का विकास

4457. श्री गोविन्द राम निरी : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भिलाई इस्पात संयंत्र ने सहायक उद्योगों का विकास किया है; और

(ख) यदि हां, तो यह 1971 में चुने गए सहायक औद्योगिक एककों को सहायक उद्योगों के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार क्यों नहीं है और क्या यह कमिश्नर में भी सहायक औद्योगिक एककों का विकास नहीं करेगा ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कार्तिक उरांव) : (क) सम्भवतः माननीय सदस्य का अभिप्राय "सहायक उद्योगों" से है। भिलाई इस्पात कारखाने के प्रबन्धक सहायक लघु उद्योगों के विकास के लिए सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान कर रहे हैं यह कारखाना इन उद्योगों द्वारा निर्मित सभी मदों के लिए आर्डर देता है, उनको तकनीकी जानकारी देता है तथा उनका मार्ग-दर्शन करता है, उनके लिए कच्चे माल का प्रबन्ध करता है अथवा कच्चे माल प्राप्त करने में उनकी मदद करता है, उनके लिए परीक्षण सुविधाओं की व्यवस्था करता है आदि-आदि। इन प्रयत्नों के फलस्वरूप भिलाई के आस-पास के लघु उद्योगों में काफी प्रगति हुई है। आशा है राज्य सरकार द्वारा गठित की जा रही सहायक उद्योग प्रवर समिति ऐसे मानदण्डों के बारे में सिफारिशें करेगी जिनके आधार पर प्रबन्धक कुछ उद्योगों को सहायक उद्योगों के रूप में मान्यता दे सकते हैं।

(ख) वर्ष 1972 में भूतपूर्व हिन्दुस्तान स्टील लि० के निदेशक मंडल ने इस्पात कारखाने के आस-पास लघु उद्योग को सहायक उद्योगों घोषित करने के प्रश्न पर विचार किया था। परन्तु सहायक उद्योग की प्रवर्तमान परिभाषा और कार्यक्षेत्र जिसके अनुसार सहायक उद्योग वह उद्योग होंगे जो मुख्य कारखाने की उत्पादन प्रक्रिया का एक अंग होगा—को देखते हुए इन उद्योगों को सहायक उद्योग नहीं माना गया था।

फिर भी, भारत सरकार के निदेश के अनुसार कारखाने के प्रबन्धकों ने कुछ चुने हुए लघु उद्योगों को सहायक उद्योग घोषित करने के बारे में कारवाई की है। उन्होंने मध्य प्रदेश की सरकार को 'सहायक उद्योग विकास सलाहकार समिति' के गठन के बारे में आदेश जारी करने के सम्बन्ध में लिखा है। राज्य सरकार ने सहायक उद्योगों की प्रवर समिति के गठन में संशोधन करने का सुझाव दिया है जिसे कारखाने के प्रबन्धकों ने स्वीकार कर लिया है। इस मामले पर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु कारखाने के प्रबन्धकों ने मध्य प्रदेश की सरकार को सुझाव दिया है कि प्रस्तावित प्रवर समिति उन मदों पर विचार करे जो अधिकांशतः लघु उद्योगों द्वारा कारखाने को पहले ही सप्लाई की जा रही हैं और उन उद्योगों में से कुछ उद्योगों को उनकी कार्य-क्षमता के आधार पर सहायक उद्योग के रूप में चुन लिया जाए।

सोवियत रूस में हिन्दू धर्म के बारे में पुस्तक का प्रकाशित होना

4458. श्री लालजी भाई : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोवियत रूस में हिन्दू धर्म पर एक पुस्तक प्रकाशित हुई; है और

(ख) यदि हां, तो उस पुस्तक का ब्योरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेन्द्र कुन्दू) : (क) जी हां ।

(ख) 'हिन्दुइज्म' नामक एक पुस्तक जिसके लेखक एन० आर० गुस्सेवा हैं सोवियत संघ की विज्ञान अकादमी के ईथनोग्राफिक इन्स्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित की गई है । इस पुस्तक में हिन्दू समाज और हिन्दू विचार धारा के विकास पर तथा भारत के लोगों के राष्ट्रीय मुक्ति संघर्ष में और देश के साम सामयिक राजनीतिक जीवन एवं सांस्कृतिक पुनर्निर्माण में हिन्दू समाज और हिन्दू विचारधारा की भूमिका पर विचार किया गया है ।

Decentralisation of Post and Telegraph System

4459. SHRI P. K. KODIYAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have a proposal under consideration for the decentralisation of Post and Telegraph system; and

(b) if so, the salient features thereof and by when it is expected to be implemented?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Unemployed Youths and Educated Women

4460. SHRI P. K. KODIYAN: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) the latest number of unemployed youths upto the age of 25 in the country; and

(b) the number of educated unemployed women?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): (a) and (b). Available information relates to the number of job-seekers (all of whom are not necessarily unemployed) on the Live register of Employment Exchanges as on 31st December, 1977. The number of job-seekers in the age-group 15 to 24 years was 6664 thousand (Provisional) and the number of educated (Matric and above) women job-seekers was 899 thousand.

Hindustan Teleprinters Ltd.

4461. SHRI G. M. BANATWALLA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have inquired into the working of the Hindustan Teleprinters Ltd., during last three years;

(b) if so, nature of irregularities found;

(c) whether this undertaking had obtained large orders for export of goods during the last three years and if so, details thereof, year-wise; and

(d) the plans under consideration of Government for further expansion and stepping up of production and for the uplift of this concern?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The value of export orders received by Hindustan Teleprinters Ltd., during the last three financial years are given below:—

Year	Value of orders
1975-76	Rs. 2.83 lakhs
1976-77	Rs. 10.79 lakhs
1977-78	Rs. 12.27 lakhs

(d) As part of the current Five Year Plan (1978—83), Government have approved a number of new projects of Hindustan Teleprinters Ltd., which include manufacture of electronic teleprinters, computer peripherals, fascimile and other electronic equipments.

खेतिहर मजदूर और उनका कल्याण

4462. **श्री भारत सिंह चौहान :**
श्री सुभाष आहूजा :

क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में खेतिहर मजदूरों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या इन खेतिहर मजदूरों के कल्याण के लिए सरकार ने कोई समय-बद्ध कार्यक्रम बनाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लारंग साय) : (क) 1971 की जनगणना के अनुसार, देश में खतिहर श्रमिकों की कुल संख्या लगभग 475.00 लाख थी ।

(ख) और (ग). खतिहर श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजना का ब्यौरा नियमानुसार है :—

(1) खेतिहर श्रमिक संबंधी केन्द्रीय कानून बनाने का एक प्रस्ताव विचाराधीन है;

(2) ग्रामीण असंगठित श्रमिक संबंधी केन्द्रीय स्थायी समिति को शीघ्र ही गठित करने का प्रस्ताव है, जो ग्रामीण श्रमिकों की सेवा शर्तों आदि से संबंधित सभी मामलों, जिनमें उनके संगठन के विकास संबंधी उपाय शामिल हैं, पर सरकार को सलाह देगी । राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य स्तर पर इसी प्रकार की सलाहकार स्थायी समितियों को स्थापित करने की भी सलाह दी गई है ;

(3) ग्रामीण श्रमिकों तथा उनके संगठन की समस्याओं की जांच करने तथा ग्रामीण असंगठित श्रमिक संबंधी केन्द्रीय स्थायी समिति हेतु सचिवालय सेवा की व्यवस्था करने के लिए श्रम मंत्रालय में ग्रामीण श्रमिक सैल की स्थापना की गई है राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य स्तर पर इसी प्रकार के ग्रामीण श्रमिक सैल स्थापित करने की सलाह दी गई है।

(4) केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड ने, जिसके देश के विभिन्न भागों में लगभग 40 केन्द्र हैं, व्यापक कार्यक्रम तैयार किया है । ग्रामीण श्रमिकों में उनकी समस्याओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए तथा ग्रामीण श्रमिक संगठनों के विकास में उनकी सहायता करने के लिए 150 से अधिक कैम्प आयोजित किए गए हैं ;

(5) राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने नेतृत्व की कला के विकास तथा प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण श्रमिकों के लाभ के लिए विभिन्न राज्यों में 23 ग्रामीण श्रमिक कैम्प आयोजित किए ;

(6) सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन अभिसमय 141 का अनुसमर्थन किया है, जिसके अनुसार ग्रामीण श्रमिक संगठनों की स्थापना तथा विकास के लिए वैधानिक और प्रशासनिक उपाय करना आवश्यक है ;

(7) मुक्त कराए गए बंधित श्रमिकों के पुनर्वास के लिए केन्द्र द्वारा संचालित एक प्लान स्कीम अनुमोदित कर दी गई है और चालू वर्ष के लिए बजट में एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है ; और

(8) खेतिहर श्रमिकों संबंधी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के कार्यान्वयन के लिए के-द्र तथा राज्यों दोनों में आवश्यक तंत्र की स्थापना की गई है । राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय समय पर सलाह दी गई है कि वे खतिहर श्रमिकों के लिए अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी दरों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन तंत्र को सुदृढ़ करने के कदम उठायें राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए कुछ उपायों में प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करना, श्रम विभागों के अतिरिक्त राजस्व, कृषि, ग्रामीण विकास जैसे विभागों के कर्मचारियों की सेवाओं का उपयोग करना, दावा प्राधिकारियों की संख्य में वृद्धि करना तथा अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी दरों का व्यापक प्रचार करना, शामिल है ।

पिछड़े क्षेत्रों में खोले गये नये अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र

4463. **श्री भारत सिंह चौहान :**
श्री राजकुल्ल डान :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में कितने नये अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र खोल गये ; और

(ख) चालू वर्ष के दौरान इन पिछड़े तथा आदिवासी क्षेत्रों में कितने नये अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) और (ख). यह सूचना राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से एकत्र की जा रही है और मिलते ही इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

पर्वतीय क्षेत्रों में अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों को खोला जाना

4464. श्री भारत सिंह चौहान : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पर्वतीय क्षेत्रों में बड़े अस्पताल और स्वास्थ्य कन्द्र खोलने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो ऐसी योजना न बनाने के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) जी नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जिनमें पहाड़ी क्षेत्र की शामिल हैं, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के लिए कुछेक कदम उठाए हैं । इनमें सबसे महत्वपूर्ण योजना जन स्वास्थ्य रक्षक योजना है, जिसके अन्तर्गत 1000 जनसंख्या वाला प्रत्येक समाज/गांव लोगों के स्वास्थ्य के संवर्द्धनात्मक और निरोधात्मक पहलुओं के लिए तथा छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज करने के लिए भी एक-एक कार्यकर्त्ता चुनता है । इस कार्यकर्त्ता को समुचित प्रशिक्षण के साथ-साथ अपने काम को सम्पन्न करने के लिए कुछ सामग्री अर्थात् दवाइयों, मैनूअल और एक किट दी जाती है । जन-जाति क्षेत्रों के लिए आबादी की शर्त में छूट है । इन इलाकों के लोग 1000 से कम आबादी के लिए भी ऐसा एक कार्यकर्ता रख सकते हैं । दूसरे, पांच-पांच हजार की जनसंख्या के लिए एक पुरुष और एक महिला कार्यकर्त्ता को रखने का विचार है । एक योजना ऐसी भी है जिसके अन्तर्गत मेडिकल कालेजों को प्राथमिक केन्द्रों के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा । उन्हें भी गांव को कवर करने के लिए मोबाइल क्लिनिक दिए जाएंगे ।

Import of H.R. Coils

4465. SHRIMATI CHANDRAVATI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether Government are planning to import substantial quantity of HR Coils at a very high price thereby creating burden on the Exchequer;

(b) whether Government are also encouraging export of steel pipes and tubes at the cost of indigenous demand specially for power, irrigation and tubewell programme; and

(c) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) SAIL, the canalising agency, has planned import of certain quantities of Hot Rolled Coils during 1978-79 on tender basis at internationally competitive prices.

(b) and (c). The export of steel pipes and and tubes are being regulated keeping in view the need to fulfil country's export obligations and the indigenous demand for power, irrigation, tubewell programmes etc.

Steel Plants' outstandings against certain Units

4466. SHRIMATI CHANDRAVATI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether the Steel Plants have large credit outstanding running into crores of rupees towards a few tube makers and the money has not been realised as yet;

(b) whether those units are being regularly supplied their requirements despite their not clearing dues; and

(c) if so, the names of such defaulting Units and the reasons for such heavy outstanding and regular supplies dispite their default?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND

MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) As on 30th June, 1978 SAIL plants have to realise a sum of Rs. 3.40 crores as overdue outstandings from the tube makers.

(b) The credits were extended to them as a normal commercial practice and at a time when the production of HR Coils and skelp was in excess of domestic demand. The dues are being realised in a regular manner. Current supplies to them are being continued only against payment or against letters of credit.

(c) It will not be in the commercial interest of SAIL to disclose either the names of the units or of the reasons for the outstandings.

Supplies to Steel Tube Industry

4467. SHRIMATI CHANDRAVATI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Steel tube industry is being allocated 32000 M.T. p.m. of H.R coils/skelp against 41,500 M.T. in the recent past;

(b) whether supplies to the stockyards have been increased from 6000 M.T to 15000 M.T. p.m. for catering to the requirements of Gold Rolling/SSI units;

(c) if so, reasons therefor; and

(d) whether stock-yards have been advised not to supply to the tube makers, although lifting by the cold rolling/SSI Units have been reduced, thereby accumulation of large unsold stocks of H. R. coils/skelp at stockyards has occurred?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) to (c). Because of temporary fall in the production of hot rolled coils and skelp due to power and other constraints, the available quantity is distributed to the tube-makers and other consumers on the basis of their export commitments, past off-take and capacity. Accordingly, a quantity of 32,000 tonnes per month was distributed to the organised tube industry out of the monthly availability of 45,000 tonnes during June and July, 1978 and 38,100 tonnes out of the expected availability of 55,000 tones during August, 1978 as compared to an average supply of 41,500 tonnes to them during April and May, 1978. While supplies to major tube makers are made direct from the plants, new tube makers, cold rolling units, tube makers in small scale sector and State Small Industries Corporations received materials from the stockyards. A quantity of 13,000 tonnes per month was distributed to these consumers during June and July as against average supply of 6,000 to 7,000 tonnes to them during April-May, 1978. Increased allocation to cold rolling units has been made in view of the higher beneficial multiplier advantage flowing from their production compared to that of tube makers. In the case of small tube makers, increased allotments is made as a part of general policy to encourage this sector.

(d) There has not been any accumulation of stockyard stocks as a result of implementation of the above system of supplies. Stockyards have been advised to give materials generally to those on whose account they have been received.

S.T.D. Facility from Vadodara to Bombay and Delhi

4468. SHRI F. P GAEKWAD: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are considering to provide STD facility from Vadodara to Bombay and Delhi; and

(b) if so, when it is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) Yes, Sir.

(b) This facility is likely to be provided in 1979.

Appointment of Technical Evaluation Committee of the Central Research Institute for Yoga and Visvayatan Yogashram

4469. SHRI HARI VISHNU KAMATH: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have appointed a Technical Evaluation Committee of the Central Research Institute for Yoga and Vishvayatan Yogashram with their branches at Delhi and Katra Vaishnodevi;

(b) if so, the personnel of the Committee;

(c) whether the Committee has submitted any report, interim or final so far;

(d) if so, whether the report will be laid on the Table; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV): (a) Yes, Sir.

(b) The Technical Evaluation Committee comprised of the following members:—

1. Shri O. P. Tiwari,
   Secretary,
   Kaivalyadham,
   S. K. Y. M. Samiti,
   Lonavala (Distt. Pune),
   Maharashtra.

2. Dr. G. S. Chhina,
   Professor of Physiology,
   All India Institute of Medical Sciences,
   New Delhi.

(c) Yes, Sir.

(d) and (e). Such reports are not required to be laid on the Table of the House under the provisions of the relevant Act.

Demand of revision of capitation fee by ESIS Doctors

4470. DR. VASANT KUMAR PANDIT: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) whether Insurance Medical Practitioners working under ESIS have resorted to agitation to press for their demands;

(b) whether they have requested Government to revise the capitation fee per insured patient;

(c) if so, when the original fee was fixed and how many times it has been revised till today;

(d) whether the State Governments have asked the Central Government to subsidise the increase in capitation fees if the same is revised by the Union Government; and

(e) what steps Governments have taken to prevent agitation and the threatened strike by the Insurance Doctors?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. RAM KIRPAL SINHA): (a) The Employees' State Insurance Corporation have reported that Insurance Medical Practitioners under the ESI Scheme in Bombay have resorted to agitation.

(b) Yes.

(c) The capitation fee per insured person's family unit was originally

fixed in 1962. The same has been revised as follows:—

Year	Places	Amount
1962	For Bombay/Calcutta	Rs. 17.50
	For other areas	Rs. 13.50
1963	All areas	Rs. 17.50
1971 (January)	All areas	Rs. 20.00
1971 (October)	All areas	Rs. 25.00
1978 (April)	All areas	Rs. 30.00

(d) The Governments of Maharashtra and West Bengal, the two major panel States had, while recommending revision of capitation fee from Rs. 25/- to Rs. 30/- per insured person's family unit per annum, proposed that the additional expenditure involved may be met by increasing the overall ceiling of expenditure on medical benefit. The Corporation has agreed to the proposal, subject to the modification that the additional expenditure may be allowed over and above the prescribed ceiling and the same may be shared between the State Government and the ESI Corporation in the agreed ratio.

(e) The Government of Maharashtra which is the appropriate authority is taking necessary action.

विधायकों द्वारा पासपोर्ट के लिए सत्यापन

4472. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विधायकों को पासपोर्ट के लिये आवेदन पत्रों पर सत्यापन करने के प्रस्ताव पर इस बीच पूरी तरह से विचार कर लिया गया है और यदि हां, तो इस बारे में घोषणा कब की जायेगी;

(ख) क्या सरकार का यह विचार है कि बाहर जाने के इच्छुक भारतीयों को अभी भी बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और क्या सम्बद्ध नियमों को और सरल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) क्या बाहर जाने के इच्छुक भारतीयों को पासपोर्ट, वीसा और विदेशी मुद्रा प्राप्त करने के लिये अभी भी 3 से 4 महीने लग जाते हैं और काफी खर्चा करना पड़ता है और यदि हां, तो इस बारे में प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जाने हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेन्द्र कुण्डू) : (क) अब विधान सभा सदस्यों को भी पासपोर्ट आवेदन पत्रों के संबंध में सत्यापन प्रमाणपत्र देने का प्राधिकार देने का निश्चय कर लिया गया है । इस निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए पासपोर्ट नियमावली 1967 में शीघ्र ही संशोधन किया जाएगा ।

(ख) और (ग). विगत एक वर्ष में पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है । जो लोग सत्यापन प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं कर सकते, उन्हें भी पासपोर्ट जल्दी मिल जाए इसके लिए शपथ-पत्र देने की प्रणाली का व्यापक प्रचार किया जा रहा है । सरकार ने इस बात का सुनिश्चय करने के लिए बहुत से कदम उठाए हैं कि निर्धारित तरीके से पासपोर्ट आवेदन देने के बाद पासपोर्ट जारी करने में कम से कम विलम्ब हो । इस दिशा में ये कदम उठाए गए हैं : नये क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय खोलना, सत्यापन प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकृत व्यक्तियों की परिधि में विस्तार, ऐसे पासपोर्ट कार्यालयों के लिए अतिरिक्त अमले को संस्वीकृति देना जहां बकाया काम जमा हो गया था, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों की क्रियाविधि को युक्तियुक्त बनाना जिससे उनकी दक्षता बढ़े आदि ।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालयों और अस्पतालों को घटिया किस्म की औषधियों की सप्लाई

4473. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालयों और केन्द्रीय सरकारी अस्पतालों को सप्लाई की जा रही औषधियां बहुत घटिया किस्म की होती हैं ;

(ख) क्या रोगियों को नकली औषधियां सप्लाई की जा रही हैं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस बारे में सरकार का विचार जांच कराने का है और इस पद्धति को रोकने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) और (ख). जी, नहीं ।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता ।

डाक-तार महानिदेशालय के हिन्दी अनुवाद सैल में नियुक्तियां

4474. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान डाक तार महानिदेशालय के हिंदी अनुवाद और राजभाषा क्रियान्वयन सैल में विभिन्न पदों पर कितने व्यक्तियों को नियुक्त किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने इन कर्मचारियों की पदोन्नति के समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कोई नियम बनाये हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) हिन्दी काम काज से सम्बद्ध विभिन्न पदों पर तैनात कर्मचारियों की संख्या इस प्रकार है :

निदेशक (राजभाषा)	1
सहायक महानिदेशक (हिंदी)	1
हिंदी अधिकारी	1
अनुभाग अधिकारी (हिंदी)	1
अनुसंधान सहायक (हिंदी)	1
हिंदी अनुवादक ग्रेड-I	3
हिंदी अनुवादक ग्रेड –II	13

(ख) और (ग). निदेशक (राजभाषा), सहायक महानिदेशक (हिंदी), अनुसंधान सहायक (हिंदी) और हिंदी अनुवादक ग्रेड–II की नियुक्ति के लिए भर्ती के नियम बनाए गए हैं ।

हिंदी अधिकारी और हिंदी अनुवादक ग्रेड–I के पदों की भर्ती के नियमों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि एक केन्द्रीकृत हिंदी काडर और इन पदों की भर्ती के नियम बनाने का मामला राजभाषा विभाग में अनिर्णीत पड़ा है ।

निदेशक (राजभाषा) का पद सहायक महानिदेशक (हिंदी) के ग्रेड से पदोन्नति दे कर भरा जाता है ।

सहायक महानिदेशक (हिंदी) और अनुसंधान सहायक (हिंदी) के पद संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से भरे जाते हैं ।

जब तक केन्द्रीकृत हिंदी काडर को अंतिम रूप नहीं दे दिया जाता, हिंदी अनुवादक ग्रेड-I के पद तदर्थ आधार पर पूर्णतया ग्रेड-II के हिंदी अनुवादक में से पदोन्नति देकर भरे जाते हैं ।

अनुभाग अधिकारी (हिंदी) का पद केन्द्रीय सचिवालय सेवा में शामिल है जो कि केन्द्रीय सचिवालय की एक व्यवस्थित सेवा है ।

भविष्य निधि संगठन में ग्रेड I और ग्रेड II के निरीक्षकों के वेतनमानों में अन्तर को हटाना

4475. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भविष्य निधि संगठन में ग्रेड I और ग्रेड II के निरीक्षकों के समान ड्यूटी रोस्टर और प्रशासनिक कर्त्तव्यों के बावजूद वेतनमानों में भारी अन्तर का औचित्य क्या है; और

(ख) वर्ष 1974 में सरकार द्वारा वेतनमान के इस अन्तर को मिटाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम कृपाल सिंह) : (क) : कोई असंगति नहीं है । दोनों वर्गों के निरीक्षकों को निरीक्षण का सामान्य कार्य करना पड़ता है । भविष्य निधि निरीक्षक (ग्रेड I) को इसके अतिरिक्त भविष्य निधि निरीक्षक (ग्रेड II) के कार्य का पर्यवेक्षण भी करना होता है । भविष्य निधि निरीक्षक (ग्रेड-I) के पद भविष्य निधि निरीक्षक (ग्रेड-II) को पदोन्नति के अवसर प्रदान करने के लिए भी बनाए गए हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

इस्पात के मूल्यों में वृद्धि का प्रभाव

4476. **श्री सुभाष आहूजा :**
श्री चतुर्भुज :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्पात के मूल्यों में हाल की वृद्धि का समूचे औद्योगिक क्षेत्र पर प्रभाव पड़ा है; और

(ख) यदि हां, तो इसका औद्योगिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कार्तिक उरांव) : (क) और (ख). हाल ही में इस्पात के मूल्यों में हुई वृद्धि से इस्पात पर आधारित उद्योगों पर कोई विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है

Talks held with U.S. Under Secretary of State

4477. SHRI C. K. JAFFER SHARIEF: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether U.S. Under Secretary of State for Political Affairs visited India during the second week of July;

(b) if so, the nature of talks held; and

(c) the outcome thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SAMARENDRA KUNDU): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). Mr. Newsom's visit to Delhi was a part of a tour of several countries in the region, *viz.*, Iran, Afghanistan, Pakistan and Saudi Arabia, in addition to India. The discussions during his visit here covered bilateral relations and an exchange of views on peace and stability in the region.

Amount spent on Staff of Indian High Commission

4478. SHRI C. K. JAFFER SHARIEF: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) the details regarding the amount spent on house rent, family allowance, air travels to and from India on the staff employed in Indian High Commission in London for the year 1976-77; and

(b) whether Government have taken some economy measures in this regard and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SAMARENDRA KUNDU): (a) Details regarding the amount spent on house rent, foreign allowance, air travel to and from India on the staff of the High Commission of India, London, under the administrative and budgetary control of the Ministry of External Affairs (other than the Supply Wing) during the year 1976-77 are as follows:—

House rent etc.	Rs. 22.56 lakhs
Foreign Allowance	Rs. 40.85 lakhs
Air Passages	Rs. 12.74 lakhs

No family allowance other than Foreign Allowance is paid to the India-based officials posted in London.

(b) The various economy measures taken are as follows:—

(i) Transfers of India-based officials to the High Commission are effected only after accommodation on a monthly basis is rented with a view to eliminating expenditure on hotel rents;

(ii) Computerisation of monthly accounts and integration of pay-roll system with Computer System have resulted in reduction of 12 posts yielding a recurring annual saving of Rs. 8.28 lakhs;

(iii) Housing of all the Wings of the High Commission in India House to effect saving on rents of office accommodation;

(iv) Other economy measures are —cut of 5 per cent on Foreign Allowance, restricting home leave fares to domestic emergencies, local contingencies, and expenditure on telegrams through use of telex facilities.

भागलपुर में डिवीजनल इंजीनियर टेलीग्राफ के कार्यालय तथा गलत बिल बनाने और कुप्रबन्ध की शिकायतें

4479. डा० रामजी सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भागलपुर के लिए डिवीजनल इंजीनियर टेलीग्राफ डी० ई० टी० कार्यालय खोल गया है, और यदि हां, तो क्या यह भागलपुर में स्थित है अथवा पटना में;

(ख) क्या टेलीफोन उपभोक्ताओं की ओर से टेलीफोन के गलत बिल बनाने, टेलीफोन केंद्र में कुप्रबन्ध तथा काफी देर के बाद टेलीफोन लाइन मिलने के बारे में शिकायतें मिली हैं; और

SHRI SHANTI BHUSHAN: Not that. We are not those people who used to say, "garibi hatao" without having a proper scheme. Every problem in the country can only be attacked and solved by having a scientific approach. First of all, the problem must be identified, its extent must be identified, its colossal magnitude must be identified. Then, it must be seen what can be done about it. There is a method of solving the problem. You have to go about it in a business-like manner. It is not merely enough that you start working hard. If you are working

[Shri Shanti Bhushan]

hard in a wrong direction, you cannot solve the problem. Without identifying what the problem is, without scientifically working out how that problem can be solved, you cannot solve the problem. Maybe, sometimes, you might come to an answer that the problem is not capable of solution. But that is not the solution.....

SHRI K. GOPAL: Just like the Raj Narain problem!

SHRI SHANTI BHUSHAN: The answer has been that the problem is certainly capable of solution. The answer is not that it is capable of solution in six months or one year. But the answer is that it is capable of solution in the time-frame of 10 years. It has been worked out, namely, what strategy, what re-orientation in policies, etc., is required; now the re-distribution of even income among the poor or non-poor, etc. affects the employment problem; how the production pattern affects the employment problem. All that has been worked out and it has been decided in which area investment should be made and all that.

So, it is an integrated approach. There are various schemes which I have spelt out broadly. I have also spelt out to what extent we will be able to solve the problem annually. Therefore, what will be the position after a period of five years, namely, at the end of the Five Year Plan and thereafter at the end of the next Five Year Plan. I have made a calculation that the present unemployment problem is of a magnitude of about 41 million and that, at the end of the Five Year Plan, it will get reduced to 15 million, that is, 40 per cent less than half in the next Five Year Plan and then this will stand wiped out. Of course, so far as those people are concerned, who are completely sceptical, who do not believe and who only believe that unemployment problem cannot be solved by anybody by any approach, they alone will view this strategy and this programme with misgiving. Otherwise, others should look at this programme, at this strategy, with confidence. There is no reason why it should not succeed. With the cooperation of all the people in the country, this programme is bound to succeed because it is scientifically conceived and it is going to be scientifically implemented also.

I know, in the scientific area, in the scientific field, if you take proper steps in the correct direction, it works. But if your step is mis-directed, mis-calculated, obviously, it will not give any result. That is why we have gone about the problem in a business-like manner, by trying to identify what is the reason and which policy would be able to really make an attack on the problem.

16.00 hrs.

As I was saying, I am in complete agreement with Prof. Mavalankar that the stage of converting this into a fundamental right with the corresponding right to unemployment relief comes later when the basic problem has been solved, because, there would always be a few people for whom proper employment cannot be found for short periods at least, and during such periods, certainly their problem is the problem of the country and unemployment relief has to be given. But, as I said, this can be done only when the basic problem has been solved and you have to care for only a small number of people. But with such a large, colossal number of people, if you start giving unemployment relief, you will never be able to create jobs for them. I am in entire agreement with Prof. Mavalankar that this has to be the strategy. And it is in that context that the promise which was made in the manifesto has to be viewed, namely, while the Party believes in this policy of right to work being a fundamental right with the corresponding right to unemployment relief, it is not merely to be written in words, conditions have to be created, so that such a right would be a real right, an enforceable right. After creating those conditions, at the proper stage, this right has to be written by

way of a fundamental right, also with the corresponding right to unemployment relief. But till that stage is reached, we have to apply all our energies to framing proper policies, proper strategies, proper schemes, for really solving this colossal problem of unemployment. I have tried to spell out in some detail—of course, it could not be with absolute details—the broad strategy which is going to be employed for the purpose of solving this problem. Therefore, with these words and with the assurance that the problem is going to be solved and that the proper stage to write down this right to work by way of fundamental right in our Constitution would be after reaching that stage which was envisaged by Prof. Mavalankar, I would earnestly appeal to the Mover of this Bill to withdraw it because he has highlighted a very important problem. I am very grateful to him that he has highlighted this very important problem. He has attracted the attention of not only the whole House but the whole country, so that the whole country might be thinking about it and with confidence that this is the proper strategy with which we may be able to get the cooperation of all sections of the people in the country to help the Government and the Planning Commission in implementing this policy. We would see to it that this problem, this scourge of unemployment, is wiped out from the face of this country. With these words, may I make an earnest appeal to the hon. Mover that, with all this having been spelt out, he would be very kind not to press his Bill and agree to withdraw it—because the purpose he had in mind, namely, of attracting the attention of all the people, has already ben served—and would wait for the proper day when this also can be implemented when the fundamental right to work can be, properly and in an enforceable way, written down in our Constitution.

सभापति महोदय : श्री वाई० पी० शास्त्री ।

चौधरी बलबीर सिंह (होशियारपुर) : सभापति महोदया, पिछली बार इस में समय बढ़ाया गया था इसलिए कि कुछ और मेम्बरों को इस पर बोलना था ।

सभापति महोदय : बलबीर सिंह जी आप बैठ जाइए । समय समाप्त हो चुका है । मिनिस्टर के बाद और कोई नहीं बोलेगा । शास्त्री जी जवाब देंगे ।

चौधरी बलबीर सिंह : आप पिछली प्रोसीडिंग्स देख लीजिए ।

सभापति महोदय : प्लीज सिट डाउन । आप बैठ जाइए ।

चौधरी बलबीर सिंह : यह क्या बात है ? पिछली बार समय बढ़ाया गया था और कहा गया था कि मिनिस्टर साहब बाद में बोलेंगे ।

सभापति महोदय : अब यह नहीं हो सकता । मैंने श्री शास्त्री जी को बुलाया है ।

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री (रीवा) : सभापति महोदया, अभी मैंने माननीय मंत्री जी का भाषण सुना । मुझे उन के भाषण से बहुत बड़ी निराशा हुई । आश्चर्य की बात है कि आज यह कहा जा रहा है कि अभी समय नहीं आया है कि काम के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया जाये । आज हमारे देश को आजाद हुए 31 वर्ष बीत चुके हैं । जिस समय यूनिवर्सल डिक्लेरेशन आफ ह्यूमन राइट्स संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्वीकार किया उस समय सन् 48 के दिसम्बर में उस के आर्टिकल 23 के सब-क्लाज 1 में लिखा गया—

"Everyone shall have a right to work and protection against unemployment."

यूनिवर्सल डेक्लेरेशन आफ ह्यूमन राइट्स के दस्तावेज में हमारे देश भारतवर्ष ने भी हस्ताक्षर किए । उसी समय, आज से 30 वर्ष पहले 1948 में हमने स्वीकार किया था कि :

"Everyone shall have a right to work and protection against unemployment."

लेकिन तीस वर्षों में हम तैयारी नहीं कर सके और आज कहा जा रहा है कि जब तैयारी हो जायेगी उस समय काम के अधिकार को फंडामेंटल राइट्स में रखा जायेगा । हमारे एलेक्शन मैनिफेस्टो में वायदा किया गया था :

We shall delate the right to private property from the list of Fundamental Rights and Instead put in the right to work.

उसमें लिखा गया कि जनता पार्टी सम्पत्ति के अधिकार को समाप्त करेगी और उसके स्थान पर काम के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देगी । उस समय क्या यह कहा

[श्री यमना प्रसाद शास्त्री]

गया था कि हम इसको दस वर्षों के अन्दर करेंगे ? क्या हमारा एलेक्शन मेनिफेस्टो दस वर्ष के लिए बनाया गया था ? क्या वह हमारा चुनाव घोषणा पत्र पांच वर्षों के लिए ही नहीं था ? उसके आधार पर जिन्होंने अपना मत देकर हमको जिम्मेदारी सौंपी है उन्होंने क्या यह सोचा था कि हमारे साथ इस तरह का विश्वासघात किया जावेगा ? प्राप्त प्रापर्टी राइट को समाप्त करने की दिशा में हमने कदम उठाया है और उसके लिए हमारे विधि मंत्री तथा सरकार बधाई की पात्र है लेकिन एक ही वाक्य में हमने वायदा किया था कि सम्पत्ति के अधिकार को निरस्त कर काम के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में प्रदान किया जायेगा [फिर हम उस वाक्य के दूसरे भाग को क्यों भूल रहे हैं ? काम के अधिकार को बिना प्रदान किए, सम्पत्ति के अधिकार को समाप्त करना बेकार है।

मैं यहां पर आपके सामने एक उदाहरण और प्रस्तुत करना चाहूंगा । यहां पर सन् 1971 में इंडियन ट्रेड यूनियन की एक कांफ्रेन्स हुई थी, यह उसकी किताब है जिसके पेज 40 पर प्रो० राज कृष्ण का आर्टिकल है । उस समय वे प्रोफेसर थे और आज प्लानिंग कमीशन के सदस्य हैं । इस आर्टिकल में उन्होंने लिखा है :

Property and work, both are durable sources of income. If one source which the propertied classes have is given protection by the constitution, there is no reason why the other source which the propertyless classes have should not be protected.

केवल दो अधिकार हैं, एक सम्पत्ति वालों के लिए अधिकार है सम्पत्ति का और आज मौलिक अधिकार से सम्पत्ति के अधिकार को निकालने के बावजूद भी उसे वैधानिक अधिकार के रूप में रखा गया है । संविधान के अनुच्छेद 300(1) में लिखा गया है कि :

Nobody shall be deprived of his property except through the due process of law.

अर्थात् किसी को अपनी सम्पत्ति के अधिकार से वंचित नहीं किया जायेगा केवल कानूनी तरीके को छोड़कर । यह भी कहा गया है कि सीलिंग से कम जिनकी जमीन है उनकी जमीन अगर ली जायेगी तो उनको पूरा मुआवजा मार्केट रेट के हिसाब से दिया जायेगा । जिनके पास सम्पत्ति है उनके डयूरोबिल सोर्स आफ इनकम को, उनकी आमदनी के स्रोत को सुरक्षित किया जा रहा है लेकिन जिनके पास कुछ नहीं है जो हैव-नाट्स हैं उनकी आमदनी का स्रोत केवल काम ही है । वे काम के द्वारा ही आमदनी कर सकते हैं । इस प्रकार से सम्पत्ति वालों के लिए तो अपनी सम्पत्ति बनाये रखने का अधिकार बना रहा परन्तु जिनके पास सम्पत्ति नहीं है, जो सर्वहारा है, अकिंचन है, जिसके पास कुछ भी नहीं है उसको काम का अधिकार मौलिक अधिकार के रूप में नहीं मिला । इससे बढ़कर दुर्भाग्य की बात और क्या होगी । इसलिए हमारा यह कहना है कि आज आपको काम के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मानना चाहिए।

आपने बहुत सी बातें बताई हैं कि 6ठी योजना में हमने काम देने के लिए बहुत प्रावधान किए हैं । आपने जो प्रावधान किए हैं उनका मैं समर्थन करता हूं, वह सही दिशा में उठाए गए कदम हैं । लेकिन यह कदम भी उसी तरह से निष्प्रभावी साबित होंगे जिस तरह से पहले के कदम निष्प्रभावी साबित हुए । पहले क्रैश प्रोग्राम के सम्बन्ध में कहा गया था कि इसके द्वारा सभी को काम देंगे लेकिन उसके बाद दांतवाला कमेटी ने कहा कि इससे लोगों को काम नहीं मिल सका और कोई लाभ नहीं हुआ है । एक बार नहीं अनेक बार कमेटियां बनी हैं और अपने निर्णय दे चुकी हैं कि इस तरह के कार्यक्रमों से रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कोई लाभ नहीं हुआ है । पंडित जवाहर लाल नेहरू के शासनकाल में [प्रो० महलोनवीस की अध्यक्षता में एक समिति बनी थी पंचवर्षीय योजना का मूल्यांकन करने के लिये और यह पता लगाने के लिए कि उनका लाभ गरीबों को मिला है या नहीं । और उसने भी यही रिपोर्ट दी थी कि इससे गरीब लोगों को कोई लाभ नहीं पहुंचा है । मुट्ठी भर लोगों को ही लाभ पहुंचा है इस निष्कर्ष पर वह समिति पहुंची थी । उसके बाद आपने स्वयं बताया है कि हाल ही में दांतवाला साहब की अध्यक्षता में जो कमेटी नियुक्त हुई थी उसने भी यही रिपोर्ट दी है और कंट्रोल और आडिटर जनरल ने भी यही कहा है कि क्रैश प्रोग्राम से कोई लाभ बेरोजगारों को नहीं हुआ है । अब अब आप नई दिशा देने जा रहे हैं, नया कार्यक्रम प्रारम्भ करने जा रहे हैं और उसकी आपने रूपरेखा भी प्रस्तुत की है । आपने बताया है कि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज जगह-जगह खोली जाएंगी और जिन के पास धन है उस धन को जिन के पास धन नहीं है, उनके पास ट्रांसफर किया जाएगा । आपने यह भी कहा है कि हम योजना बना रहे हैं जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़े । लेकिन पिछले 16–17 महीनों का अनुभव क्या बताता है ? आप दस बरस की बात करते हैं । दस वर्षों में से 17 महीने बीत रहे हैं, डेढ़ बरस बीत रहा है । मैं पूछना चाहता हूं कि इस डेढ़ बरस की अवधि में क्या हुआ है ? मैं समझता हूं कि हालत बिगड़ी ही है सुधरी नहीं है । आप देखें कि जनवरी 1977 में 93 लाख लोगों के नाम एम्प्लायमेंट एक्सचेंजिज में लिखे हुए थे, रोजगार दफ्तरों में लिखे हुए थे— वास्तव में बेरोजगारों की संख्या इससे कहीं बहुत

अधिक है क्योंकि बहुत से लोग अपने नाम रोजगार दफ्तरों में नहीं लिखवाया करते किन्तु एक साल के बाद उनकी संख्या बढ़कर 1 करोड़ 11 लाख हो गई है। बारह प्रतिशत बेकारी में इस एक साल की अवधि में वृद्धि हुई है। यह वृद्धि होती चली जा रही है। अगर यही स्थिति रही तो छठी योजना की समाप्ति पर भी कोई विशेष अन्तर नहीं पड़ेगा। जिस तरह पहले वाली योजनाओं से हम रोजगार नहीं प्रदान कर सकें हैं इसी तरह की हालत अभी भी होने जवाली है।

आपने कहा है कि स्माल स्केल इंडस्ट्री पर आप पहले से ज्यादा जोर दे रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि खादी तथा ग्रामोद्योग की योजना क्या पहले नहीं चली थी, क्या खादी ग्रामोद्योग कमिशन पहले नहीं थी। क्या पहले भी स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के लिए कुछ आइटम्ज रिजर्व नहीं कर दिए गए थे? यह ठीक है कि अब आपने कछ अधिक आइटम रिजर्व कर दिए हैं। लेकिन इस का आज भी कोई सर्वेक्षण नहीं कराया गया है कि आज भी किस हद तक उससे लाभ पहुंच रहा है और कितना काम हो रहा है।

आपने कहा है कि डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सैंटर खोल दिए हैं। जहां तहां इनको खोल दिया गया है। हम जा कर जब वहां पूछते हैं कि आप स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के लिए क्या कर रहे हैं तो जवाब मिलता है कि हमें अभी कुछ मालूम नहीं है कि हमें क्या करना है। इसका भी कोई सर्वेक्षण नहीं कराया गया है। कोई तत्परता दिखाई जा रही हो, ऐसा मुझे दिखाई नहीं देता है। कोई उत्सुकता मुझे इस काम के प्रति नजर नहीं आती है। कोई भी काम हो उसके लिए लगन और निष्ठा चाहिये। यह जो ज्वलन्त समस्या देश के सामने है इसका निराकरण कैसे हो इसके प्रति अब भी तत्परता दिखाई नहीं देती है।

लैंड रिफार्म्ज का जिक्र किया गया है। यह भी कहा गया है कि उसके जरिये बहुत से लोगों को काम दिया जा सकता है। मैं पूछना चाहता हूं कि डेढ़ बरस में लैंड रिफार्म्ज के क्षेत्र में क्या काम हुआ है? कुछ भी हुआ है क्या? 44 लाख एकड़ जमीन सरपलस डिक्लेयर हुई है। अब तक केवल 14 लाख एकड़ जमीन ही बांटी गई है। इस गति से आप लोगों को काम नहीं दे सकेंगे। वास्तव में पोलिटिकल बिल, राजनीतिक संकल्प, एडमिनिस्ट्रेटिव बिल जो होनी चाहिये इन काम को करने के लिए, वह नहीं है और यही कारण है कि काम नहीं हो पा रहा है। 1973-74 में प्लानिंग कमिशन की टास्क फोर्स बनी थी और उसने भी यही कहा था कि लैंड रिफार्म्ज लागू नहीं किए जा सके हैं उसका कारण यह है कि पोलिटिकल बिल में हम लैक करते हैं, राजनीतिक संकल्प नहीं है। जब तक आप काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल नहीं करेंगे तब तक बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो ही नहीं सकता। आप देश के हर नागरिक को रोजगार उपलब्ध करायें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपको बेकारी का भत्ता देना पड़ेगा। जब आपको बेकारी का भत्ता देना पड़ेगा तब आपको लगेगा कि मुफ्त में देने के बजाय यह अच्छा होगा कि किसी न किसी तरह इन सब को काम दिया जाए।

मैंने अपने विधेयक में यह कहीं नहीं लिखा है कि आज से ही सब लोगों को बेकारी का भत्ता देना शुरू कर दिया जाए। मैंने स्पष्ट रूप से पहली पहली धारा में यही लिखा है कि यह जब पास हो जाएगा तो यूनियन टैरिटरीज में राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद छः महीने के अन्दर अन्दर लागू होगा। लेकिन राज्यों में यह तब लागू होगा जब राज्य सरकारें अपने गजट में नोटिफाई करेंगी। इसके लिए पर्याप्त समय है। राज्य सरकारें नोटिफाई करेंगी तभी यह राज्यों में लागू होगा। यूनियन टेरिटरीज में जरूर 6 महीने में लागू होगा क्योंकि वह केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण में हैं, उनमें ढाई, तीन करोड़ की आबादी होगी और उसके लिये भी मैं चाहता हूं अगर माननीय कामथ साहब का संशोधन स्वीकार कर लें जनमत जानने का तो उन्होंने 27 फरवरी तक का समय दिया है, उसके अन्दर जनमत प्राप्त होगा फिर बहस होगी और तब पास होगा। तो काफ़ी समय रहेगा। कुछ राज्य सरकारों ने इस दिशा में कदम बढ़ाया है जैसे पश्चिम बंगाल सरकार में अनएमप्लाईमेंट अलाउंस उन लोगों को देने का कानून बना लिया है जिनका 5 वर्ष से रोजगार दफ्तरों में नाम लिखा है। केरल सरकार ने ऐसा ही किया है, पंजाब सरकार ने भी यह किया है और एमप्लायमेंट गारन्टी स्कीम में महाराष्ट्र सरकार ने भी बेकारी भत्ता देने का निर्णय किया है। कुछ राज्य सरकारें जब कदम बढ़ा रही है तो क्यों न केन्द्रीय सरकार इस पवित्र काम को करे जो हमने देश की जनता को वचन दिया है उसको क्यों नहीं पूरा करते हैं? यह तो सब से पहला हमारा काम होना चाहिये था। आज देश के अन्दर निराशा की भावना है। प्रो० राज कृष्ण ने 1971 में जब इस बात को लिखा है कि राइट टू वर्क देना चाहिये, और आज वह स्वयं प्लानिंग कमीशन के सदस्य हैं, हमारे देश की सरकार ने उनके विचारों को स्वीकार किया है तभी तो उनको प्लानिंग कमीशन का सदस्य बनाया है। उन्होंने कहा है कि राइट टू वर्क फंडामेंटल राइट होना चाहिये कि जब प्रौपर्टीड क्लास के लिये आपने, इन्कम के सोर्स की गारन्टी दी है तो जिसके पास कुछ नहीं है, जो मेहनत करके खाना चाहता है, उसको काम का अधिकार क्यों नहीं देते हैं? उन्होंने यह भी बताया है कि अनएमप्लायमेंट अलाउंस देना पड़ेगा तो उसके लिये धन कहां से आयेगा। उन्होंने कहा है कि अगर 800 करोड़ भी देना पड़े तो वह भी कोई कठिन बात नहीं है। अगर आप में राजनीतिक संकल्प है तो आप कर सकते हैं। उन्होंने स्रोत बताया है कि आप कृषि पर इन्कम टैक्स लगायें, राजा, महा-

[श्री यमना प्रसाद शास्त्री]

राजाओं और उद्योगपतियों पर टैक्स एरियर्स को वसूल कीजिये। मैंने लोक सभा के इस सत्र में प्रश्न किया था जिसमें बताया गया कि केवल 20 बड़े औद्योगिक घरानों पर 1723 करोड़ रु० इन्कम टैक्स का बकाया है। उन पर वैल्थ टैक्स और ऐस्टेट ड्यूटी कितनी बकाया है इसका कोई अभी सरकार के पास हिसाब नहीं है। हमने पूछा एक लाख से अधिक जो प्रिवी पर्स पाते थे उन राजाओं पर कितना इन्कम टैक्स और वैल्थ टैक्स बकाया है ? तो कहा गया इसके हमारे पास आंकड़े नहीं है। अगर इन सारे टैक्सों को वसूल कर लें तो आप अनऐम्प्लायमेंट अलाउंस दे सकते हैं आसानी से। इस देश के अन्दर वकीलों, डाक्टरों, बिजनेस ऐग्जीक्यूटिव्ज पर प्रोफेशनल टैक्स लगाया जा सकता है। यह टैक्स इवेजन भी करते हैं। इनकी आमदनी काफी है। हमारे विधि मंत्री मुझे क्षमा करेंगे क्योंकि मैंने वकीलों का नाम लिया, लेकिन वकीलों की जो आमदानी है उस पर जितना टैक्स लगना चाहिये वह नहीं लगता है। यहां सुप्रीम कोर्ट में एक एक घंट का दो, ढाई हजार रु० फ़ीस वकील लेते हैं। उन पर कौन सा टैक्स लगा हुआ है ? और क्या वह समुचित इन्काम टैक्स देते हैं, नहीं देते हैं। उन पर प्रोफेशनल टैक्स लगाया जाये। इतना ही नहीं अगर आप अनएम्प्लायमेंट अलाउंस देने लगेंगे और राइट टू वर्क फंडामेंटल राइट हो जायेगा तो किसी को प्रोपर्टी का मोह नहीं रह जाएगा सम्पत्ति इकट्ठा करने का मोह इसलिये है कि लोग सोचते हैं कि हमारे बाल बच्चों के भविष्य का क्या होगा ? अगर उनको मालूम हो जाए कि बच्चों को राइट टू वर्क फ़ंडामेंटल राइट है, कोई भूखों नहीं मरेगा तो टैक्स इवेजन नहीं होगा और पूरा टैक्स आपको मिलेगा और प्रोपर्टी इकट्ठा करने का क्रेज भी कम होगा।

जैसा माननीय सदस्यों ने कहा है कि प्रोहिबिशन के नाम पर आप 4,500 करोड़ रु० लूज करने जा रहे हैं। मैं पूछता हूं प्रोहिबिशन जरूरी है या सब को काम देना जरूरी है। प्रोहिबिशन करना भी चाहें तो भी कानून के जरिये नहीं होगा। जो पीते हैं वह छिप कर पीयेंगे भ्रष्टाचार बढ़ेगा। मैं मद्यपान का समर्थक नहीं हूं, मैंने जिन्दगी में चाय भी नहीं पी है। लेकिन अगर मद्यपान के निषेध के नाम पर आप 4,500 करोड़ रुपया सालाना की आमदनी खोते जा रहे हैं, अगर आप अन-एम्प्लायमेंट, बेकारी का भत्ता देंगे तो आप न केवल इस देश की जनता को दिये गये वचनों की पूर्ति करेंगे, बल्कि समूचे देश में एक नये वातावरण का सृजन कर देंगे, एक उल्लास की लहर सारे देश में छा जायेगी, और हर नौजवान यह सोचेगा कि जनता पार्टी की सरकार ने अपने वचन को पूरा किया है और हमारे सामने जो सारा भविष्य अनिश्चित था, वह अनिश्चितता का वातावरण अब हमारे सामने नहीं रह गया है, यह लोगों के सामने भावना आयेगी।

अभी अखबारों में पढ़ा कि हमारे देश की सरकार कमांडोज टास्क फोर्स बनाने वाली है, इस तरह के गुरिल्ला युद्ध करने वाले जैसे लोगों की एक सेना तैयार करने वाली है। यह किस लिये तैयार करना चाहती है ? इसलिये कि इस देश में नक्सलाइट मूवमेंट फिर बढ़ रहा है।

सभापति महोदय : शास्त्री जी, आपने आधा घंटा समय ले लिया है, अब समाप्त कीजिये।

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : यह बहुत ही आवश्यक और महत्वपूर्ण विधेयक है, इसलिये मुझे इसमें ज्यादा समय दीजिये।

मैं यह कह रहा था कि किस लिये यह कमांडोज टास्क फोर्स बनायी जा रही है। समाचार-पत्रों में छपा कि नक्सलाइट बढ़ रहे हैं और शिक्षित युवक खासतौर से नक्सालाइट मूवमेंट में शामिल हो रहे हैं। क्यों शामिल हो रहे हैं ? यह नवयुवक केवल इसलिये शामिल हो रहे हैं कि उनका भविष्य अनिश्चित है। अगर इस समस्या का जल्दी से जल्दी आपने समाधान नहीं किया तो आप एक विस्फोटक स्थिति देखेंगे। यह सबसे ज्वलन्त समस्य इस मुल्क की है, सबसे बर्निंग प्राबलम है, यदि कोई सबसे विस्फोटक प्रकरण है तो यह बेकारी की समस्या ही है।

एक जगह यदि 5 आदमियों के लिये नौकरी निकलती है तो 5,000 लोग अर्जियां देते हैं। 40 हजार लोग केवल 35 जगहों के लिये अर्जियां देते हैं, हमारे भोपाल में वित्त विभाग में कुछ जगह निकली थीं तो 40000 नव युवकों ने अर्जिया दी आश्चर्य की बात है कि इस देश के अन्दर इतनी बड़ी अन-एम्प्लायमेंट है। इतनी विस्फोटक स्थिति है, अगर वह लोग नक्सलवादी नहीं होंगे तो क्या होंगे ? आप गोलियों से भूनकर क्या इन बेकार नवयुवकों की फोर्स का दमन कर सकेंगे क्या कमांडोज टास्क फोर्स के द्वारा इस समस्या का निराकरण कर सकेंगे ?

आज जो बातें कही जा रही हैं कि हम सड़कें बनायेंगे, रूरल हैल्थ स्कीम बनायें, ड्राउट प्रोन एरिया, प्रोग्राम स्माल फार्मर्स डैवलपमैंट एजेन्सिज, कमांड एरिया डैवलपमैंट एजेन्सी यहां कई वर्षों से चल रही हैं, लेकिन क्या अन-एम्प्लायमैंट प्रोबलम का कहीं निराकरण हुआ। इस समस्या का निराकरण करने के लिये एक राजनैतिक संकल्प होना चाहिये तभी यह कार्य हो सकेगा। इसे आज आप स्वीकार करें।

सन 1945 में जापान तहस-नहस हो गया, दुनिया में सबसे पहले एटम-बम जापान में गिरा। लेकिन वही जापान आज की दुनिया में एक बहुत बड़ी आर्थिक महा शक्तियों में है। जापान, जर्मन और यू०एस०ए० सबसे अधिक सम्पन्न देशों मे आते है। यह कैसे हुआ सम्पन्न यह इस कारण हुआ कि वहां के कांस्टीट्यूशन में लिखा गया—"एवरी सिटीजन शैल हैव राइट एंड ओबलीगेशन टू वर्क"। जापान ने यह अधिकार दे दिया।

जर्मनी द्वितीय महायुद्ध में मिट्टी में मिल गया । कितनी बड़ी-बड़ी बरबादी नहीं हुई ? तहस-नहस हो गया । सन् 1939 से लेकर 1945 तक लड़ाई में पूर्णतः समाप्त हो गया । लेकिन पश्चिमी जर्मनी के कांस्टीट्यूशन "बाइमर आफ दी जर्मन रायफ" में वहां के नागरिकों को काम का अधिकार मौलिक अधिकार के रूप में दिया गया और आज उसका नतीजा यह है कि वहां इतनी बड़ी समृद्धि है कि सारी दुनिया के देश, जिस समय डालर की कीमत गिरने पर अपने देश की मुद्रा की कीमत घटाते हैं लेकिन जर्मनी के मार्क की कीमत बढ़ती है, रिवैल्यूएट होता है, डिवैल्यूएट नहीं होता है । उसके सिक्के की कीमत बढ़ती है । उसका कारण यही है कि वहां एक संकल्प है बनने और कुछ करने का । उनमें संकल्प की दृढ़ता है । अगर कोई कहे कि ये तो बहुत छोटे देश हैं जर्मनी और जापान, हिन्दुस्तान जैसे बड़े देश में यह कैसे हो जाये, तो मैं चीन का उदाहरण देना चाहता हूं, यद्यपि वह पूरी तरह से हमारे यहां लागू नहीं होता है—और हम चाहते हैं कि वह लागू भी न हो । चीन की आबादी हम से डेढ़ गुना है । चीन की वर्तमान सरकार हमारे देश की आजादी के दो वर्ष बाद कायम हुई । हमारा देश 1947 में आजाद हुआ, जबकि चीन की आज की सरकार 1949 में बनी । लेकिन चीन में लोगों को राइट टु वर्क दिया गया । आज वहां कोई बेकार नहीं है और हर एक को काम मिला हुआ है । उन्होंने यह नहीं सोचा कि पहले हम इनफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर दें, तब उसके बाद लोगों को काम करने का अधिकार देंगे, सब जगह रोड बना दें, पहले लैंड रिफार्म्स पूरा कर दें, जहां तहां कुएं खोद दें और वाटर supply present व्यवस्था कर दें, और उसके बाद हम राइट transfer देंगे । उन्होंने कहा कि पहले लोगों को काम employment मिलेगा और फिर काम मिलेगा ।

यदि आज हमारे देश में नौजवानों को काम का अधिकार नहीं है, तो फिर उन्हें कोई भी अधिकार नहीं है—उन की केवल फंडामेंटलज ड्यूटीज हैं । सब अधिकार उन के लिए हैं, जिन के पास सम्पत्ति है, जो प्रापर्टीड क्लास है, और कर्त्तव्य उन लोगों के लिये हैं, जिन के पास कोई काम नहीं है ।

चीन ने अपने लोगों को काम करने का अधिकार दिया । क्या सरकार इस देश में यह भावना पैदा करना चाहती है कि इस देश के लोगों को काम का अधिकार तभी मिल सकता है, जब चीन जैसी व्यवस्था यहां कायम हो जाये ? यह कितना खतरनाक खेल है, कितनी खतरनाक भावना है । चीन और पाकिस्तान ने काराकोरम की पहाड़ी सड़क बना ली, उससे हमें खतरा नहीं है । चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया या चीन की फौजें हमारी सीमा पर तैनात हैं, उससे भी हमें खतरा नहीं है । लेकिन अगर देश के नवयुवकों में यह भावना घर कर गई कि चीन के रास्ते पर चलने से ही हमें काम का अधिकार मिल सकता है, तो इससे बड़ा खतरा इस मुल्क के लिए और क्या हो सकता है ? इससे इस मुल्क के लोगों की आजादी और इस मुल्क का लोकतन्त्र समाप्त हो जायेगा । हमारे लोकतंत्र के लिए सब से बड़ा खतरा यह है कि सरकार ने देश के नवयुवकों को काम का अधिकार प्रदान नहीं किया है ।

इस लिए विधि मंत्री से मेरी विनम्र प्रार्थना है कि वह इस बात पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें । मेरा यह संविधान संशोधन विधेयक कोई साधारण सा विधेयक नहीं है, जिसको वह मुझे वापस लेने के लिए कहें । मैं जनता पार्टी को किसी भी तरीके से संकट में नहीं डालना चाहता हूं । मैं जनता पार्टी का वफादार और निष्ठावान् सिपाही हूं । मेरे हृदय में यही तड़पन और छटपटाहट है कि इस देश की जनता में जनता पार्टी के प्रति निराश उत्पन्न न हो, जनता पार्टी के प्रति जो निष्ठा और विश्वास लोगों ने व्यक्त किया है, उसमें किसी तरह की कमी न आने पाये, वह समझे कि जनता पार्टी जो कहती है, वह उसे कर के दिखाती है । जनता पार्टी को शासन में आये कोई कम समय नहीं बीता है, डेढ़ साल का समय बीत चुका है ।

मैंने अपने विधेयक में लिखा है कि यह राज्यों में तभी लागू होगा, जब राज्य सरकारें गजेट में नोटिफाई करें । उसके लिए समय रहेगा । इसलिए विधि मंत्री से मेरी प्रार्थना है कि कम से कम वह श्री कामत के संशोधन को स्वीकार कर लें, जिस में कहा गया है कि इस विधेयक को 27 जनवरी, 1979 तक के लिए जनमत जानने के लिए प्रसारित कर दिया जाये । इसमें मंत्री महोदय को क्या आपत्ति हो सकती है ? जनमत आने दिया जाये, उसके बाद इस पर फिर बहस होगी और मंत्री महोदय फिर इस पर अपने तर्क रखें । तब तक सरकार इफ्रा-स्ट्रक्चर तैयार कर लेगी । लेकिन सरकार इस देश के नवयुवकों से यह अपेक्षा नहीं कर सकती कि वे दस बरस तक इन्तजार करें । दस बरस तक दुनिया कहां से कहां चली जायेगी । दस बरस तक हिन्दुस्तान का नक्शा क्या से क्या हो जायेगा । अगर जनता पार्टी के प्रति लोगों में निराशा उत्पन्न हो गई, और हमारे प्रति उन का विश्वास डिग गया, तो लोकतंत्र के प्रति उन का विश्वास डिग जायेगा—यह सब से बड़ा खतरा है । केवल हमारे प्रति विश्वास डिगने से कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोकतंत्र के प्रति इस देश की जनता और नवयुवकों का विश्वास नहीं डिगना चाहिए ।

इसलिए विधि मंत्री से मेरी प्रार्थना है कि वह इस विधेयक को स्वीकार करें, और अधिक अच्छा होगा कि इस को जनमत जानने के लिए प्रसारित कर दिया जाये । मुझे पूर्ण विश्वास है कि विधि मंत्री इस संशोधन को स्वीकार

[श्री यमुना प्रसाद शास्त्री]

लेंगे, ताकि यह जनमत जानने के लिए चला जाये, उसके बाद फिर इस पर चर्चा करें, और हिन्दुस्तान की जनता वह स्वर्णिम दिन देखे, जब हिन्दुस्तान के प्रत्येक व्यक्ति को काम का मौलिक अधिकार मिल जाये और उसके लिए भविष्य की कोई अनिश्चितता न हो, और यह जान कर वह यह अनुभव करे कि वर्तमान संसद् ने देश को एक अमर वरदान दिया है ।

मुझे विश्वास है कि विधि मंत्री इस विधेयक को जनमत जानने के लिए प्रसारित करने सम्बन्धी श्री कामत के संशोधन को स्वीकार करेंगे ।

सभापति महोदय : इस विधेयक के सम्बन्ध में तीन संशोधन आये हुए हैं : एक श्री लक्ष्मी नारायण नायक का, दूसरा श्री हरि विष्णु कामत का और तीसरा श्री बी० पी० मण्डल का । पहला है श्री लक्ष्मी नारायण नायक का र सर्कुलेशन । क्या श्री नायक अपना मोशन प्रेस कर रहे हैं ?

श्री लक्ष्मी नारायण नायक (खुजराहो) : मैं प्रेस करना चाहता हूं ।

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : मैं कामत साहब का संशोधन स्वीकार करता हूं । मैं समझता हूं कि उन का संशोधन अधिक वैज्ञानिक है क्योंकि उस में समय भी दिया है ।

सभापति महोदय : आप के कहने से नहीं होगा । श्री नायक को अपना वापस लेना पड़ेगा ।

श्री लक्ष्मी नारायण नायक : मैं अपना संशोधन वापस लेने की अनुमति चाहता हूं ।

Amendment No. 1 was, by leave, withdrawn.

सभापति महोदय : दूसरा है श्री हरि विष्णु कामत का ।

श्री शांति भूषण : मेरी प्रार्थना है कि वह भी वापस ले लें ।

श्री हरि विष्णु कामत : मैं वापस नहीं ले रहा हूं । उस पर मतदान होना चाहिए ।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by January 27, 1979." (2).

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: The amendment of Shri B. P. Mandal is barred.

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : मैं सदन के प्रति बहुत नम्रता के साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं समूचे हिन्दुस्तान के नवयुवकों की तरफ से कि हमारे सदन ने इस विधेयक को जनमत संग्रह के लिए प्रसारित करने का प्रस्ताव पास किया । इस के लिए मैं सदैव अनुगृहीत रहूंगा और कामत साहब को मैं धन्यवाद देता हूं ।

16.33 hrs.

INDIAN TRUSTEESHIP BILL

MR. CHAIRMAN: We now go on to the next item on the Agenda, viz. the Bill of Mr. Arjun Singh Bhadoria.

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया (इटावा) : सभापति महोदया, मैं प्रस्ताव* करता हूं :

"कि ट्रस्ट नियमों की स्थापना तथा तत्सम्बन्धी विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

मैं इस भारतीय ट्रस्टीशिप विधेयक को इस आशा और विश्वास के साथ पेश कर रहा हूं कि इस सदन के सभी पक्षों का समर्थन इस विधेयक को प्राप्त होगा ।

सही अर्थों में यह विधेयक आज से बहुत पूर्व ही गांधी जी के सही अनुयायियों की तरफ से आना चाहिए था । मुझे खुशी है आज आप के सभापतित्व में यह विधेयक को उपस्थित करने का अवसर मुझे मिल रहा है, सच्चे माने में गांधीवादी होने के नाते । लेकिन दुर्भाग्य से गांधी जी की हत्या के पश्चात् गांधीवादी तीन भागों में विभाजित हो गए—(1) सरकारी गांधीवादी, (2) मठी गांधीवादी और (3) कुजात गांधीवादी । इस ट्रस्टीशिप के दर्शन पर सरकारी और मठी गांधीवादियों ने परमार्थ और सेवा के नाम पर निर्गुण चर्चा तो बहुत की, परन्तु कभी भी इन लोगों ने इस को सगुण रूप देने का प्रयत्न नहीं किया ।

सौभाग्य से लोहिया जी ने अपनी मृत्यु के पूर्व मार्च, 1967 में एक कुजात गांधीवाद के रूप में इस सदन में इंडियन ट्रस्टीशिप बिल पेश करने का प्रयत्न किया, परन्तु 12 जून 1967 को राष्ट्रपति महोदय ने इस बिल को यह कह कर वापस कर दिया कि यह मनी बिल है । इस के बाद 24 जून, 1967 को डा० लोहिया ने फिर से लिखा । लेकिन दुर्भाग्य से उस समय यह पेश नहीं हो सका । उस समय लोहिया जी ने अपने ड्राफ्ट बिल में निम्न स्टेटमेंट आफ आबजेक्ट्स रखे थे :

---

*Moved with the recommendation of the President.

"Mahatma Gandhi had once said that when India became free all the capitalists would be given an opportunity of becoming statutory trustees. The Bill seeks to provide such an opportunity to the owners of large companies and proposes necessary provisions for the democratic management of the resultant trust corporations in accordance with the priciples of trusteeship formulated by Gandhiji. The provisions of the Bill are dintended to usher in peacefully an era of a socialist society. As the Planning Commission has observed in the Second Five Year Plan, a socialist society is built up not only solely on monetary incentives, but on ideas of service to society. It is necessary, therefore, that the worker should be made to feel that he is helping to build a socialist State. The provisions of the Bill are expected to promote increased productivity by giving the workers a sense of full and intelligent participation in the processes of production, purchases, sales and investments of the enterprise. This Bill is not a compulsory but a permissive measure enabling the present owners of large companies to transform their existing titles based on absolute rights into trust ownership."

यह 1967 में डा० लोहिया ने जो कहा था वह मैंने आपके समक्ष प्रस्तुत किया है ।

ट्रस्टीशिप के उद्देश्य और मंशा—इसके बारे में मैं संक्षेप में अपनी बात कह रहा हूं ।

मैं आज भारतीय ट्रस्टीशिप विधेयक, 1978 इस आशा और विश्वास के साथ पेश कर रहा हूं कि हमारे मार्गदर्शक गांधी जी के विचारों में हमें आज की समस्याओं का हल दिखता है । इस प्रकार की बढ़ती हुई पूंजीवादी व्यवस्था का खतरा गांधी जी के सामने था और उन्होंने इसके जवाब में जो ट्रस्टीशिप की व्यवस्था सुझाई थी—उसमें हथियार से घृणा और भय के बजाय पूंजीवादी व्यवस्था से प्रेम और गुस्से के हथियार से लड़ा जा सकता है । देश को इस पूंजीवादी व्यवस्था के दलदल से निकालने का ट्रस्टीशिप ही एकमात्र हथियार है । ट्रस्टीशिप का मुख्य उद्देश्य अहिंसक रीति से समाज व्यवस्था में आमूल परिवर्तन कर बराबरी की व्यवस्था स्थापित करना है । वर्तमान स्थिति में ट्रस्टीशिप ही एक मात्र साधन है अन्त्योदय का ।

आज जो आर्थिक गैर-बराबरी और अव्यवस्था है, मजदूरों में असंतोष व्यापक पैमाने पर फैल रहा है । अमीर गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है । सरकार को जनता की अपेक्षाओं और आशाओं को पूरा करने में पूरी सफलता नहीं मिल पा रही है । उसका हल ढूंढना ही होगा और इसके लिए बहुत प्रयत्न की जरूरत नहीं है । अब इसका एकमात्र उपाय ट्रस्टीशिप ही है ।

मानव अधिकारों की सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों की बराबरी की लड़ाई में मिली आंशिक सफलता ही सरकार को मजबूत बनाये रखने में सफल नहीं हो सकती है, जब तक कि भूख से परेशान गैर-बराबरी के शिकंजे में जकड़ी जनता को आर्थिक अधिकारों में बराबरी दिलाने की लड़ाई का जिम्मा सरकार पूरी मजबूती के साथ नहीं उठायेगी, तब तक समस्याओं का सुरसा जैसा बढ़ता मुख बन्द नहीं किया जा सकता । जब तक गांधी जी के विचारों को मानने का ढोंग करने वाली पिछली 20 वर्ष की सरकार ने गांधी जी के नाम पर सभी गैर-गांधीवादी कार्यक्रमों को चलाया और जिस का नतीजा आज इस विकट रूप में देश को भुगतना पड़ रहा है । कथनी और करनी का अन्तर रहा है, लेकिन जनता की क्रान्तिकारी अपेक्षाओं और आशाओं को पूरा करने के लिये समर्पित जनता सरकार को गांधी जी को समर्पित 24 मार्च, 1977 की शपथ को निभाना होगा । उन के प्रति समर्पित श्रद्धांजलि तभी सही अर्थों में मानी जायेगी, जब उन के सपनों में सदा रहने वाले 65 करोड़ भारत की जनता के चेहरे पर ममता, संपन्नता और सुख की मुसकान लहरायेगी ।

तानाशाही के बढ़ते शिकंजे से देश को मुक्ति दिलाने के संकल्प के साथ ही जनता सरकार ने देश के पिछड़े—सताये गरीबों के अंत्योदय की ऐतिहासिक जिम्मेदारी भी अपने ऊपर ली है । लोकतान्त्रिक परम्पराओं को पुनः स्थापित करने तथा उन को मजबूत बनाने के लिये प्रिवेन्टिव-डिटेन्शन जैसे कानून को समाप्त करना जनता सरकार का एक महत्त्वपूर्ण कदम रहा है । किन्तु लोकतन्त्र को चिरस्थायी बनाने के लिये आर्थिक आजादी की व्यवस्था सब से पहली आवश्यकता है । लोकतन्त्र का आधार ही सामाजिक और आर्थिक बराबरी है । देश में लोकतान्त्रिक व्यवस्था बनाये रखने के लिये गांधी जी के सपनों के प्रति समर्पित हमारी सरकार का पहला उद्देश्य है कि वह जनता और देश को एकता के सूत्र में बांधते हुए एक उज्ज्वल भविष्य की तरफ ले जाये । सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जनता को दिलाने पर ही गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

और अविकास के कुचक्र से देश को उबारा जा सकता है । गांधी जी ने कहा था—अहिंसा पर आधारित उन के सपनों का समाज बराबरी पर आधारित समाज ही हो सकता है । गांधी जी के अहिंसा के समाज के मायने थे—ऐसा समाज जिस में किसी प्रकार का शोषण न हो, जिसे हम गर्व से कहें—शोषण मुक्त समाज । सभापति जी, ट्रस्टीशिप का अर्थ क्या है ? मैं इसे आप के समक्ष इस सदन में खण्डवार उपस्थित कर रहा हूं —

1. पूंजीवादी व्यवस्था को समतामूलक समाज व्यवस्था में परिवर्तित करना । इस के द्वारा पूंजीपतियों को अपने आप को सुधारने का मौका दिया जायगा । प्रत्येक मानव मन परिवर्तित कर अधिक दयालु बनाया जा सकता है । अतः इस तरह की व्यवस्था से पूंजीपतियों को भी मौका मिलेगा कि वे शोषण की व्यवस्था तोड़ें और मजदूरों को उत्पादन प्रक्रिया में हिस्सेदारी दे कर एक लाभ के समान बटवारे की व्यवस्था को स्वीकार करें । यह समतामूलक समाज की तरफ पहला कदम होगा ।

2. किसी भी तरह की व्यक्तिगत सम्पत्ति की समाप्ति करना, सिर्फ सामाजिक आवश्यकता के आधार पर ही किसी प्रकार की सम्पत्ति का संचय स्वीकार किया जा सकता है । किन्तु यह आवश्यक होगा कि इस प्रकार की सम्पत्ति से सारे समाज का फायदा हो ।

3. कोई भी व्यक्ति अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिये न तो सम्पत्ति संचित कर सकेगा और न ही उस का अपने व्यक्तिगत संतोष के लिये उपभोग कर सकेगा । सम्पत्ति पर सारे समाज का हक होगा और उस का उपयोग समाज की भलाई के लिये ही किया जायगा ।

4. ट्रस्टीशिप का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य पूंजीपति और मजदूरों के बीच में सद्भाव पैदा करना भी है । जिस की प्राप्ति के लिये एक निश्चित मजदूरी तय की जाती है । मजदूरी निश्चित तौर पर मजदूर की सभी सामान्य जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के योग्य हो । साथ ही समाज में हर व्यक्ति को पुष्ट होने वाली आय पर भी सीमा बांधी जानी चाहिये । सब से कम आय प्राप्त करने और सब से ज्यादा आय प्राप्त करने वाले की आमदनी के बीच की दूरी कम से कम होनी चाहिये और बराबर यह प्रयत्न किया जाना चाहिये कि दोनों के बीच की दूरी घटती जाय जिस से कि समाज में गैर-बराबरी और शोषण की व्यवस्था हटा कर बराबरी और समतामलक समाज की व्यवस्था लाई जा सके । यह दूरी एक और बीस, फिर एक और पन्द्रह और घटते घटते स्किल्ड लेबर और आर्डनरी लेबर में अधिक से अधिक एक और दस तक की आय ।

5. गांधी जी के ट्रस्टीशिप व्यवस्था की जो सब से महत्वपूर्ण मान्यता थी, वह उत्पादन की व्यवस्था के विषय में उन का सोच था । समाज में उन्हीं वस्तुओं का उत्पादन किया जाना चाहिये, जितनी समाज को आवश्यकता हो । पूंजीपतियों की व्यक्तिगत इच्छा, स्वार्थ और सुविधा के आधार पर चल रही उत्पादन व्यवस्था बंद की जानी चाहिये ।

गांधी जी ने साफ तौर पर कहा था—पूंजीपतियों के सामने अपनी भलाई का एकमात्र रास्ता है कि वह अपनी अतिरिक्त अर्जित पूंजी को समाज को समर्पित कर दे, और यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो भूखी, परेशान, उपेक्षित जन-शक्ति एक दिन अवश्य जगेगी और अपने हक पर कब्जा करने के लिये आगे बढ़ेगी । ऐसे में कितनी भी शक्तिशाली सरकार क्यों न हो, वह जन-उफान को सेना की शक्ति का इस्तेमाल कर के भी नहीं रोक पायेगी ।

ट्रस्टीशिप के मूल में अहिंसा, आत्म-नियंत्रण, आत्म-निर्भरता और प्रति उत्पादक यूनिट की स्वायत्तता निहित है । पूंजीपतियों के पास जो अतिरिक्त सम्पत्ति जमा होती जा रही है, उस का समान वितरण ही गरीब-अमीर की गैर बराबरी की बढ़ती खाई को भरने के संभव हो सकेगा ।

सरकार की आर्थिक और राजनीतिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर उद्योगों को ग्रामोन्मुख बनाना, समतामूलक, जन कल्याणकारी राज्य की स्थापना में पहला कदम है । अब मुझे अपेक्षा है कि गांधी का सुझाया ट्रस्टीशिप का यह रास्ता अपना कर हम अपने उद्देश्य के प्रति दूसरा और महत्वपूर्ण कदम बढ़ायेंगे ।

सभापति जी, इसी सिलसिले में लोकनायक जय प्रकाश जी ने भी कुछ कहा है ।

In a publication recently issued by the Trusteeship Foundation, Bombay, Shri Jayaprakash Narayan has said:

> "It must be admitted that no progress has been made in spelling out either in theory or in practice Gandhiji's seminal concept. .... the theoretical foundations and the juridical and practical procedures and forms for running economic enterprise in accordance with the spirit of trusteeship have yet to be worked out by us."

Even before this Shri Jayaprakash Narayan has, among others, justified the need for giving legislative sanction to the Gandhian concept to trus-

teeship. Writing in *Bhoodan* of October 21 1967, he has said:

"There is at times a misunderstanding found as to the relation of Gandhian ideals to law. It is thought his ideals have nothing to do with law, so much so that if they were expressed through law, they lost their ethical validity. This is a mistaken view. It is only just and proper that when a certain ideal has come to be widely accepted and acted upon, it should receive the imprimatur of law. Referring to his idea of trusteeship (which by the way is what *Bhoodan* is in essence), Gandhiji often spoke of its being eventually regularized by law. That, indeed, is what has been happening in the course of the *Bhoodan* Movement, when *Bhoodan* and *Gramdan* have both been given legal recognition and Status by appropriate legislation."

Several attempts have been made so far to introduce legislative proposals in Parliament, but none has reached the statute book.

मैंने बहुत ही संक्षेप में ट्रस्टीशिप के सम्बन्ध में जो गांधी जी के, लोहिया जी के, जय प्रकाश जी के विचार थे, राय थी उनको आपके समक्ष प्रस्तुत किया है । आज आप देश की स्थिति को देखें । हमारा देश भयंकर खतरों में से हो कर गुजर रहा है, भयंकर संकटों के दौरे से गुजर रहा है और उनको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि अगर देश को इन संकटों से बचाना है तो हम को हर हालत में इस विधेयक को कानून का रूप देना होगा । आर्थिक संकट गहरा होता चला जा रहा है । साथ ही साथ सामाजिक संकट इतना बढ़ रहा है कि मुल्क खतरे के बिलकुल ही नजदीक एक ऐसी दीवार पर खड़ा हो गया है कि यह खतरा कभी भी इस देश को किसी बड़े गड्ढे में गिरा सकता है । चाहे सामाजिक गैर बराबरी हो अथवा आर्थिक गैर बराबरी इन दोनों गैर बराबरियों को दूर करने के लिए हम अपने देश में ऐसी व्यवस्था स्थापित करें जिस में न हिंसा हो, और न जबर्दस्ती हो बल्कि हम प्रेम से, स्नेह से देश में एक ऐसा वातावरण पैदा कर सकें और करें कि जिस के आधार पर देश को बचाया जा सके और मुल्क को आगे बढ़ाया जा सके । यदि आर्थिक समस्याओं को शीघ्र हल नहीं किया गया तो आपकी नक्सलपंथियों के बढ़ने के बहाने की बात देश नहीं सुनेगा। देश हिंसा का रास्ता अपनाये या अहिंसा का आपके ऊपर (शासन पर) निर्भर करता है ।

मुझे अभी आपके समक्ष इस विधेयक को प्रस्तुत करते समय इतना ही इस सम्बन्ध में कहना है ।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill to provide for establishment of Trust Corporations and for matters connected therewith, be taken into consideration."

***SHRI A. SUNNA SAHIB (Palghat):** Madam Chairman, all of us in this House should commend the laudable efforts of my hon. friend, Shri Arjun Singh Bhadoria, who has introduced the Indian Trusteeship Bill through which he has attempted to translate into reality Mahatmaji's dream of ushering in an era of socialist society through peaceful means.

Mahatma Gandhi did not formulate his concepts sitting in an air-conditioned attic room. Living with the people of the soil, understanding their day to day problems of life, he tried to conceptualise solutions. The father of the nation was a humanist from first to last. He wanted the citizens of the country to become active participants in the building of an egalitarian society. Before he could concretise his concepts, Mahatmaji was removed from our midst.

Pandit Jawaharlal Nehru on the eve of Independence said that when the whole world slept India got awakened. Panditji tried to follow in the footsteps of Mahatma Gandhi, particularly in the matter of inculcating the spirit of social service among the people of the free nation. But, unfortunately, during the period 1947—1978, the path of economic growth has been paved not with the persuasive principles of Mahatmaji but with the perversive ideas borrowed from alien

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri Sunna Sahib]

sources. Consequently we have gone astray and alienated ourselves from the day to day problems of our people. Mahatmaji said that trusteeship is the backbone of all economic activities. Instead of strengthening the backbone, we have allowed the growth of private capitalism in the country. A few minutes before this House discussed Mr. Shastri's Bill seeking to incorporate right to work in the Constitution. Gandhiji used to give a pre-eminent place to the concept of dignity of labour, which in other words meant 'right to work' for every citizen enabling him to realise the dignity of labour. Here also we have not enabled our countrymen to realise the dignity of labour by providing job opportunities to all the unemployed in the country, whose number has gone to 41 millions. I need not say that in this also our economis development programmes play a pivotal role.

The assets of 20 monopoly industrial houses have in the course of three decades gone up to Rs. 3000 crores. You will be surprised to know that the public sector financial institutions have help them with a loan of Rs. 2,400 crores. These monopoly industrial houses multiplied and maximised their profits at the cost of the people. This is no occasion to enumerate the dubious ways in which they manage to go scot free from governmental constraints. These houses have been the paradise for their kith and kin.

I would refer to Clause 30 of this Bill which says that any private entrepreneur may set up a new Trust Corporation by investment of fifty per cent in the share capital, provided the Central Government or the State Government concerned agrees to subscribe the remaining fifty per cent of the share capital subject to the condition that the total equity capital does no exceed Rs. 20 lakhs. Has this happened so far in our country? We have the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission. Yet our private sector capitalists are ingenius to circumvent the statutory compulsions. Their prime motive has not been service to people but to make them servitors. Personal gain is the sole consideration and the good of the society is beyond their ken.

Now, let me turn to investment in public sector. We have invested so far a massive sum of Rs. 30,000 crores. Have the public sector industrial institutions produced any return on this money, which could be used for social development? Unfortunately the answer is in the negative. Here also the stranglehold of bureaucrats has sniffed out such possibilities.

It may not be an exaggeration to say that social good has been the victim in both the cases. The coal-mines, when they were in the private sector, were being exploited full; but they have started showing losses under the management of public sector corporation. The ineptitude and callousness of those in charge of such public sector units in the matter of materials management have led to this regrettable consequence.

Mahatmaji talked of village industries. He wanted every one to wear Khadi, not merely as a sign of patriotism but also as a symbol of self-reliance, which meant wide-spread job opportunities throughout the country. By emphasising the establishment of village industries, he wanted to ensure the economic upliftment of rural areas of the country. Mahatmaji used to say that the man who keeps a paise more than his requirement is a black-marketeer. He was sure of his ground that a society would grow only on the basis of selfless service of those who constitute it. Unless the workers were encouraged to take full interest in the various activities of the industry such as production, purchase, sales and investment, there would not be that environment for both economic development and social upliftment. Only Trusteeship would primarily provide such a conducive climate. The concept of Trusteeship makes it abundantly clear that a Socialist

Society could be built not merely by monetary incentives but by the spirit of social service. Gita lays so much emphasis on the concept of detachment. Unless detachment becomes the cardinal principle of our lives, there cannot be any chance for the growth of common good. Our poet-patriot Bharathiyar used to say that if the society does not prosper then the country cannot prosper. A society can grow only when its constituents show a sense of detachment. Shri Aggarwal has brought this out in a beautiful way in his book on Gandhian Economics. Shri Ramachandran has referred to this basis as inevitable for advancement of common interests. Now we find that cooperative institutions in the country are in total disarray because of the absence of this basis tenet. In these circumstances, the concept of trusteeship must be given its due importance in the scheme of Government's economic activities.

During the past 30 years it has been proved to the hilt that common good is subservient to personal growth so far as the capitalists are concerned. The public sector has not yet imbibed the spirit of social good. Dr. Sushila Nayar, who is fortunately in the Chair, is a disciple of Mahatma Gandhi and she knows the importance Mahatmaji attached to this concept of Trusteeship, which would provide an opportunity to all the capitalists in independent India to become legal trustees, which would enable the proprietors of big companies to convert their absolute ownership into trust ownership.

I am sure that the Government would unreservedly appreciate the spirit behind this laudable legislation and come forward on their own with such a Bill, if they do not want to accept this Private Member's Bill. I hope that this is the time to translate Mahatma Gandhi's ideals into reality. It is to be ensured that the wealth of the nation contributes to the common weal and does not become a means to fatten a few chosen ones. This can be achieved only through the provisions of Indian Trusteeship Bill as introduced by Shri Arjun Singh Bhadoria.

With these words, I apeal to the other Members of the House to lend their valuable support to this Bill.

17.00 hrs. Bby

